CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27° C
न्यूनतम : 10° C

नई दिल्ली, मंगलवार 3 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 331 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 13 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# ईरान का सऊदी अरब की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी अरामको पर हमला

तेहरान, वार्ता

**अमेरिका और** ईरान के बीच जंग की आग सऊदी की तेल रिफाइनरी तक पहुंच गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब की सरकारी तेल कंपनी अरामको ने सोमवार को अपनी रास तनुरा तेल रिफाइनरी को ड्रोन हमलों के बाद बंद कर दिया है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उनकी सेना ने रिफाइनरी की ओर आने वाले एयरक्राफ्ट (ड्रोन) को मार गिराया है।

सऊदी सैन्य प्रवक्ता ने वहां की सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी पर यह घोषणा की। रास तनुरा तेल रिफाइनरी सऊदी अरब की सबसे बड़ी रिफाइनरी में से एक है और प्रति दिन 550,000 बैरल कच्चे तेल को रिफाइन कर सकती है। अरामको की रास तनुरा रिफाइनरी को एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है और आग बुझा ली गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ड्रोन हमले के कारण अरामको रास तनुरा तेल रिफाइनरी से धुएं का गहरा गुबार निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला किया और पूरे खाड़ी क्षेत्र में जंग शुरू हो गई। इसके बाद लंदन में कच्चा तेल 9.7 प्रतिशत अधिक की महंगी कीमत पर कारोबार कर रहा था।



### ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की पत्नी की भी मौत

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल-अमेरिका और ईरान जंग का सोमवार को तीसरा दिन था। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के 2 दिन बाद उनकी पत्नी मंसूरे खोजस्ते बागेरजादेह का भी निधन हो गया है। मंसूरे दो दिन पहले अमेरिका और इजरायल के हमले में घायल हुई थीं। इसी हमले में खामेनेई मारे गए थे।

## ओमान में भी तेल टैंकर पर बम से लैस ड्रोन बोट से हमला, एक भारतीय की मौत

**नई दिल्ली।** इजरायल-ईरान जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहरीन के किंग और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात की। पीएम ने दोनों देशों के नेताओं से भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। वहीं, भारत ने बहरीन में वीजा-पासपोर्ट सर्विस भी बंद कर दी हैं। ओमान की खाड़ी में सोमवार को एक तेल टैंकर पर बम से लैस ईरानी ड्रोन बोट से हमला किया गया, जिसमें एक भारतीय नाविक की मौत हो गई।

मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात को देखते हुए और अबू धाबी के बीएपी हिंदू मंदिर को 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए बंद किया गया है। वहीं, बीते दो दिन

- **इजरायल-ईरान जंग के बीच पीएम मोदी ने बहरीन किंग व सऊदी क्राउन प्रिंस से बात की**
- **भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर की चर्चा**

में भारत में 760+ इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। सोमवार को भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 87 फ्लाइट कैंसिल रहीं। दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं। इधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हुए। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। शोपियां, बारामूला, बांदीपोरा में लोगों ने बाजार बंद रखा। भारत के अलावा पाकिस्तान में भी खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा जारी है। सोमवार सुबह पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर (पीओके) में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया है। गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगाई।

## 13वां रोज़ा: रूहानियत का सच्चा रास्ता है रोज़ा

मगफिरत की बात दरअसल रूहानियत से, रूहानियत इबादत से, इबादत अल्लाह से ताल्लुक रखती है। रोज़ा, रूहानियत का रास्ता है। रोज़ा अल्लाह से वास्ता है। तक्वा रोज़े की शर्त है। तरीके से रखा गया रोज़ा, रोज़ेदार के लिए सवाब ही सवाब है। रोज़ा नेकी के मकान में मगफिरत का चिराग है। रोज़ा जब अहकामे-शरीअत की पाबंदी के साथ रखा जाता है, तो अल्लाह की अदालत में रोज़ेदार के लिए मगफिरत का वकील हो जाता है। कुरआने पाक में जिक्र है- बेशक वो मुराद को पहुंच गया, जो पाक हुआ और अपने परवरदिगार के नाम का जिक्र करता रहा और इबादत करता रहा। कुरआने-पाक की इस आयत की रोशनी में रोज़े को बेहतर तरीके से समझा जा सकता है, वो मुराद को पहुंच गया में जो लफ्ज़ मुराद है दरअसल रूहानी लिहाज से मगफिरत की मुराद पूरी होने का इशारा है, लेकिन शर्त है जो पाक हुआ और अपने परवरदिगार का ज़िक्र करता रहा और इबादत करता रहा यानी नेक अमल के साथ अल्लाह का जिक्र करता रहा और नमाज पढ़ता रहा यानी इबादत करता रहा।




# कुवैत में तीन अमेरिकी F-15 विमान गिरे

**कुवैत सिटी।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच एक बड़ी सैन्य चूक सामने आई है। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड यानी सेंटकाम ने पुष्टि की है कि कुवैत में अमेरिका के तीन एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान गलती से कुवैती एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा मार गिराए गए। यह घटना रविवार को सैन्य अभियान के दौरान हुई।

हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी विमान चालक सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे और उनकी जान बच गई। सेंटकाम के अनुसार यह घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में सक्रिय सैन्य अभियान चल रहा था और सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर थे। इसी दौरान कुवैत की वायु रक्षा प्रणाली ने अमेरिकी लड़ाकू विमानों को



- **पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच एक बड़ी सैन्य चूक सामने आई**

गलती से दुश्मन समझ लिया और उन पर कार्रवाई कर दी। सैन्य बयान में कहा गया कि सभी छह एयरक्रू ने -शेष पृष्ठ दो पर

### अमेरिका के चौथे सैनिक की मौत

**तेहरान।** अमेरिका के ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान के दौरान एक और अमेरिकी सैनिक की मौत हो गई है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड यानी सेंटकाम ने बताया कि यह चौथा अमेरिकी सैन्य कर्मी है जिसकी इस ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं में जान गई है। सेना के अनुसार यह सैनिक ईरान के शुरुआती हमलों में गंभीर रूप से घायल हुआ था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सेंटकाम ने कहा कि घायल सैनिक को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन वह अपनी चोटों से उबर नहीं सका। इससे पहले भी इस अभियान में अमेरिकी सैनिकों के हताहत होने की पुष्टि हो चुकी है।




# ऐतिहासिक समझौता: भारत को यूरेनियम देगा कनाडा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई पीएम मार्क कार्नी के बीच सोमवार सुबह हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच निवेश-ट्रेड डील पर बातचीत हुई है।

सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हमने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक समझौता किया है। दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों के लिए एमओयू किया गया है। इससे दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों के विकास पर सहयोग करेंगे। कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा में

- **मोदी-कार्नी की मुलाकात के बाद करार**
- **डिफेंस और एनर्जी सेक्टर में सहयोग करेंगे दोनों देश**

मूल्यवर्धन करना भी हमारे लक्ष्यों में शामिल है। पीएम ने पश्चिम एशिया में ईरान वॉर को लेकर कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिये निकाला जाना चाहिए। पीएम ने आगे कहा कि हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे दोनों देशों बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की बदलेगी कमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह पांच साल तक पद पर रहने के बाद 19 मार्च को सेवा मुक्त होंगे। सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित एक नोट में बताया कि 19 मार्च को उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान कंपनी विलय के दौर से गुजरी, एक नया ब्रांड बना और बेड़े का आकार चार गुना हुआ। एयरलाइन देश की तीसरी सबसे बड़ी नौरो बॉडी ऑपरेटर बनने में सफल रही। इस समय उसके बेड़े में 100 से अधिक विमान और देश के बाहर भी 14 देशों में उसका नेटवर्क है। सिंह ने कर्मचारियों के सहयोग के लिए उनका धन्यवाद करते हुए बताया कि कैप्टेन हैमिश मैक्सवेल नए 'अकाउंटेबल मैनेजर' होंगे।

### भाजपा ने किया था समझौतों का विरोध

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि यूरेनियम आपूर्ति और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) सहयोग का जो समझौता मोदी सरकार ने कनाडा के साथ किया है 2008 में अमेरिका के साथ इसी तरह के समझौते का भाजपा ने कड़ा विरोध किया था। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि जब डा. मनमोहन सिंह की सरकार ने 2008 में अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु समझौते किया था तो भाजपा ने उसका जोरदार विरोध किया था लेकिन आज भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार उसी तरह के समझौते पर कनाडा के साथ हस्तक्षर कर रही है। उनका यह भी कहना था कि 2008 में हुए समझौते की बदौलत कनाडा के साथ परमाणु सहयोग समझौता हुआ है। भारत व कनाडा ने यूरेनियम की आपूर्ति और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के निर्माण में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

# पैसों के विवाद में चार परिजनों की हत्या

## बहराइच में मां-बाप, दादी और बहन को कुल्हाड़ी से काट डाला

**बहराइच, वार्ता**

■ बड़े भाई को घायल कर खुद हुआ जख्मी

उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसन्तपुर रूदल (रामगांव) में जमीन बिक्री के पैसे के विवाद में एक युवक द्वारा अपने माता-पिता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से मारकर कर हत्या कर दी गई, जबकि बड़े भाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। आरोपी ने बाद में स्वयं को भी घायल कर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुदेव निवासी बसन्तपुर रूदल द्वारा थाना पर दी गई तहरीर में कहा गया है कि 1-2 मार्च की मध्यरात्रि करीब 12 बजे शोर सुनकर वह कमरे से बाहर निकले तो देखा कि उनका छोटा भाई निरंकार पिता द्वारा बेची गई जमीन एवं गहनों का पैसा न देने को लेकर विवाद कर रहा था। आरोप है कि आवेश में आकर निरंकार ने कुल्हाड़ी से पिता बदलू राम (60), माता संजू देवी (56), बहन पार्वती (लगभग 42) और दादी सिताला (80) पर हमला कर दिया, जिससे चारों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जब गुरूदेव बीच-बचाव के लिए बाहर आए तो आरोपी ने उनके सिर पर भी कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरूदेव का पुत्र आजाद भी मौके पर मौजूद था। उसके शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्र हो गए। इसी दौरान आरोपी ने अपने सिर पर ईंट से प्रहार कर स्वयं को भी घायल कर लिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक बहराइच रामनयन सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं घटना स्थल निरीक्षण के बाद एएसपी (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि घटना जमीन बिक्री के पैसे को लेकर हुए विवाद और तात्कालिक आक्रोश का परिणाम प्रतीत होती है। इस संबंध में थाना रुपईडीहा में धारा मामला दर्ज कर आरोपी निरंकार को हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# महिलाएं हर क्षेत्र में छू रहीं नई ऊंचाइयां: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ दिल्ली सरकार की चार योजनाओं के शुभारंभ पर बोलीं द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं और वे राजनीति, समाज सेवा, प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छू रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को यहां 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' के दिल्ली सरकार की महिलाओं से संबंधित चार योजनाओं का शुभारंभ करने के बाद कहा कि आज यहां कहा कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं। उनका सम्मान, सशक्तीकरण सभ्य समाज की निशानी है। भारत का इतिहास महिलाओं की साहस, वीरता और त्याग और बलिदान की अनगिनत कथाओं से भरा हुआ है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के कुशल प्रशासन, न्याय परायणता एवं कल्याणकारी कार्यों का आज भी गुणगान किया जाता है। रानी लक्ष्मीबाई का साहस, मातृभूमि के लिए उनका बलिदान आज भी हम सभी देशवासियों के हृदय में प्रेरणा के दीप जलाते हैं। सावित्री बाई फुले ने महिला शिक्षा की ज्योति जगाई थी। रानी गाइदिन्ल्यू और सरोजनी नायडू जैसी महिला स्वाधीनता सेनानियों ने भारत माता का गौरव बढाया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ रही है।

सैनिक के रूप में देश की सीमाओं की सेवा कर रही है। वैज्ञानिक के रुप में प्रयोगशालाओं में शोध कर रही है। खेल प्रतिस्पर्धा में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का तिरंगा लहरा रही है। राजनीति, समाज सेवा तथा प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में महिलाएं नई उंचाई को छू रही है। उन्होंने कहा कि देश भर के दीक्षांत समारोहों में उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की बढ़ती संख्या हमारे लिए प्रेरणा दायक दृश्य प्रस्तुत करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इन सबके बावजूद यह भी एक सच्चाई है कि महिलाएं आज भी हिंसा, आर्थिक असमानता और सामाजिक रुढियां और स्वास्थ्य संबंधी उपेक्षाओं का सामना कर रही है। इन बाधाओं को दूर करके ही महिला सशक्तीकरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वास्तव में महिला तब सशक्त होंगी जब उसमें स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की क्षमता हो और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की आकांक्षा हो और समान अवसर एवं सुरक्षा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला न केवल अपना जीवन बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों की दिशा बदल सकती है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाते हुए उनके स्वास्थ्य की रक्षा कर रही है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा दी जा रही है।

## खामेनेई की हत्या की कांग्रेस ने की निंदा, मोदी पर साधा निशाना

# बाहरी शक्ति को सत्ता परिवर्तन का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पीएम मोदी की विदेश नीति के सार और तरीकों के लिए भारी कीमत चुका रहा है भारत: खड़गे

कांग्रेस ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए रविवार को कहा कि किसी भी बाहरी शक्ति को सत्ता परिवर्तन कराने का अधिकार नहीं है। कांग्रेस ने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां साम्राज्यवाद के समान हैं और वे नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के अनुरूप नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी दोहराती है कि प्रत्येक देश के नागरिकों को अपना राजनीतिक भविष्य तय करने का अधिकार है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस युद्ध की औपचारिक रूप से घोषणा किए बिना एक सैन्य हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अली हुसैनी खामेनेई की लक्षित हत्या किए जाने की स्पष्ट रूप से निंदा करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस गहरे शोक की घड़ी में सर्वोच्च नेता के परिवार, ईरान के लोगों और दुनिया भर के शिया समुदाय के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। खड़गे ने कहा कि हम इस गंभीर संकट में उनके साथ एकजुटता से खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की विदेश नीति संवाद के जरिए और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सम्मान के साथ विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की प्रतिबद्धता पर आधारित है, जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 51 में निर्देशित है। वहीं पश्चिम एशिया में तनाव के मद्देनजर कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति के सार और तरीकों दोनों के लिए भारी कीमत चुका रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कई ऐसे मुद्दों का हवाला दिया, जिनके बारे में उनका दावा था कि वे केंद्र सरकार की कमजोर विदेश नीति को दर्शाते हैं। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री और उनके करीबी लोग चाहे जितना भी दिखावा करने की कोशिश करें, सच्चाई यह है कि स्वयंभू विश्व गुरु के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान के साथ अपनी नजदीकियां लगातार बनाए हुए हैं और बार-बार उसी व्यक्ति की सराहना कर रहे हैं, जिसके भड़काऊ बयानों ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की थी। अमेरिका ने अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की लड़ाई में साफ तौर पर पाक का समर्थन किया है।

### खामेनेई की हत्या के विरोध में हुए विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कश्मीर में लगे प्रतिबंध

**श्रीनगर।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के विरोध में कश्मीर घाटी में हुए व्यापक प्रदर्शनों के एक दिन बाद जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सोमवार को श्रीनगर सहित घाटी के कई हिस्सों में नागरिक आवाजाही पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए। सुरक्षा बलों ने ऐतिहासिक लाल चौक को पूरी तरह सील कर दिया है, जहां रविवार को हजारों लोग खामेनेई की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए थे। एहतियाती तौर पर कुछ इलाकों में मोबाइल इंटरनेट की गति भी धीमी कर दी गई है। प्रतिबंधों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए संवेदनशील स्थानों पर पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की भारी तैनाती की गई है। लोगों को इकट्ठा होने से रोकने के लिए कई अंतर-जिला मार्गों पर नाके बनाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती कदम के तौर पर ए पाबंदियां लगाई गई हैं। ए प्रतिबंध कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक के स्वैच्छिक हड़ताल के आह्वान की पृष्ठभूमि में लगाए गए हैं।

# वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत का महत्वपूर्ण स्थान

**नई दिल्ली, वार्ता**




शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि भारत का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है, जो सीखने, अनुसंधान करने, नवाचार करने और उसे लागू करने के लिए अपार अवसर प्रदान करता है।

प्रधान ने सोमवार को आयोजित 'स्टडी इन इंडिया एडु-डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026' को संबोधित किया। इस सम्मेलन में उच्च शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श करने के लिए 50 से अधिक देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि और मंत्रालय के अधिकारी एकत्रित हुए। इस दौरान प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत भारत की शिक्षा प्रणाली में हुए बदलावों के बारे में बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की है, जो स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक होगा।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है, जो सीखने, अनुसंधान करने, नवाचार करने और लागू करने के अपार अवसर प्रदान करता है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका जीवंत ज्ञान तंत्र, जनसांख्यिकीय लाभांश है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 और 'स्टडी इन इंडिया' पहल के माध्यम से देश छात्रों, शोधकर्ताओं और संस्थानों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार कर रहा है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 80238.85
निफ्टी 24870.65



सोना 166000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)




चांदी रु. 287000
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक संकट से सेंसेक्स-निफ्टी लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनैतिक संकट के कारण घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट देखी गई और बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,048 अंक लुढ़क गया।

अमेरिका और इजरायल के संयुक्त सैन्य अभियान में 28 फरवरी को ईरान पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में भू-राजनैतिक संकट गहरा गया है। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों वाले कई देशों पर हमले किए हैं। इसका असर सोमवार को बाजार खुलते ही दिखा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 2,743.46 अंक टूटकर 78,543.73 अंक पर खुला। हालांकि बाद में इसकी गिरावट काफी कम हुई। अंत में यह 1,048.34 अंक (1.29 प्रतिशत) नीचे 80,238.85 अंक पर बंद हुआ, जो इसका छह महीने का निचला स्तर है। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 312.95 अंक यानी 1.24 प्रतिशत उतरकर एक महीने के निचले स्तर 24,865.70 अंक पर रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.46 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.75 फीसदी की गिरावट में बंद हुआ। बाजार में उथल-पुथल को मापने वाला इंडिया वीआईएक्स सूचकांक 25 से ऊपर पहुंच गया, जो भारी अनिश्चितता को दर्शाता है। धातु और फार्मा को छोड़कर अन्य सेक्टरों में गिरावट रही। निफ्टी ऑटो 2.20 प्रतिशत गिर गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांक भी दो प्रतिशत से ज्यादा टूटे। बैंकिंग, आईटी, मीडिया, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर छह प्रतिशत से अधिक और एलएंडटी का पांच प्रतिशत लुढ़क गया। अडानी पोर्ट्स और मारुति सुजुकी में तीन फीसदी से अधिक तथा एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व में दो से तीन प्रतिशत के बीच गिरावट रही।

### सोना 1.66 लाख चांदी 2.87 लाख पर पहुंची

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते सोने चांदी के दाम में सोमवार को बढ़त दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 7 हजार रुपए बढ़कर 1.66 लाख रुपए पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी 20 हजार रुपए बढ़कर 2.87 लाख रुपए पर पहुंच गई है। कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोना 1.90 लाख रुपए तक जा सकता है। चांदी 3.50 लाख तक पहुंच सकती है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली है। बीते साल के आखिर में सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 1.66 लाख रुपए पर पहुंच गया है। यानी इसकी कीमत इस साल अब तक 56 हजार बढ़ चुकी है।

# विनिर्माण गतिविधियों में चार महीने के दौरान फरवरी में सबसे बड़ी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

उत्पादन और घरेलू बाजार में बिक्री बढ़ने देश में विनिर्माण गतिविधियों में फरवरी में चार महीने की सबसे बड़ी तेजी देखी गई। एचएसबीसी द्वारा जारी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जनवरी के 55.4 से बढ़कर फरवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर 56.9 पर पहुंच गया।

सूचकांक का 50 से नीचे रहना गतिविधियों में गिरावट को दर्शाता है, जबकि इसका 50 से ऊपर रहना तेजी दिखाता है। वहीं 50 का स्तर स्थिरता का है। नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार और खरीदे गए भंडार आदि के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की जाती है। एचएसबीसी द्वारा सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि मांग में तेजी, विपणन की पहल और क्लाइंटों की बढ़ती जरूरतों के कारण नए कारोबार में फरवरी में तेजी देखी गई। वृद्धि की रफ्तार पिछले साल अक्टूबर के बाद के उच्चतम स्तर पर रही। उत्पादन में चार महीने की सबसे बड़ी तेजी देखी गई और यह दीर्घावधि औसत से अधिक रहा। हालांकि नए निर्यात ऑर्डरों में वृद्धि की रफ्तार 17 महीने के निचले स्तर पर दर्ज की गई। जिन सेक्टरों में विदेशों में बिक्री बढ़ी है, उनमें मुख्य योगदान एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका का रहा है।

भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत घरेलू मांग के कारण उत्पादन में लगातार दूसरे महीने तेज गति से वृद्धि हुई है। हालांकि नए निर्यात ऑर्डरों में पिछले साल के मध्य में शुरू हुई सुस्ती फरवरी में भी जारी रही। इससे विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन कुछ हद तक बाधित रही। ऑर्डर में कुल मिलाकर अच्छी वृद्धि के कारण कंपनियों ने कच्चे माल की अतिरिक्त खरीद की और इसमें तीन महीने की सबसे बड़ी तेजी रही।

विनिर्माताओं ने लागत की भरपाई के लिए फरवरी में एक बार फिर विक्रय मूल्य बढ़ा दिए। भविष्य को लेकर विनिर्माता आशांवित दिख रहे हैं। सोलह प्रतिशत कंपनियों का कहना है कि अगले एक साल में वृद्धि देखी जाएगी, जबकि सिर्फ एक प्रतिशत को गतिविधियों में गिरावट की आशंका है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### इंडिया यूथ फ्रंट युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में करेगा प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के युवा संगठनों के अखिल भारतीय संगठन 'इंडियन यूथ फ्रंट' ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा अन्य कार्यकर्ताओं की भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन के आरोप में की गई गिरफ्तारी को मोदी सरकार की तानाशाही बताया और कहा कि फ्रंट इसके खिलाफ मिलकर देशभर में आंदोलन करेगा। फ्रंट से जुड़े विभिन्न दलों के युवा शाखा के नेताओं ने सोमवार को यहां युवा कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह गिरफ्तारी अघोषित आपातकाल और मोदी सरकार की तानाशाही का प्रमाण है। इस मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और विपक्षी दलों के युवा संगठन एकजुट होकर देशभर में इसके विरोध में प्रदर्शन कर सरकार की हकीकत को जनता लाएंगे। युवा कांग्रेस की सुरभि द्विवेदी ने बताया कि प्रदर्शन करने वाले नौ प्रदर्शनकारियों को पटियाला हाउस कोर्ट से जमानत मिल गई है। उन्होंने न्यायालय के आदेश पर खुशी जताई।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कुवैत में...** समय रहते इजेक्ट किया और बाद में उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया गया। सभी की हालत स्थिर बताई गई है। कुवैत सरकार और रक्षा बलों ने इस घटना को स्वीकार किया है। अमेरिकी सेना ने कुवैती रक्षा बलों के सहयोग और बचाव अभियान के लिए आभार भी जताया। बयान में कहा गया कि संयुक्त सैन्य अभियान के दौरान दोनों देशों की सेनाएं लगातार समन्वय में काम कर रही हैं। घटना के बाद सुरक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा शुरू कर दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न हो। सेंटकाम ने स्पष्ट किया कि इस पूरी घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। शुरुआती तौर पर इसे फ्रेंडली फायर यानी अपने ही सहयोगी बलों की गलती से हुई कार्रवाई माना जा रहा है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि पहचान प्रणाली या संचार में कहां चूक हुई, जिसके कारण एयर डिफेंस सिस्टम ने अपने सहयोगी विमानों को निशाना बना लिया। विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव और लगातार हमलों के खतरे के कारण रक्षा प्रणालियां बेहद सतर्क स्थिति में काम कर रही हैं। ऐसे माहौल में पहचान संबंधी छोटी गलती भी बड़े हादसे में बदल सकती है। अमेरिकी सेना ने कहा है कि जांच पूरी होने के बाद अतिरिक्त जानकारी सार्वजनिक की जाएगी और संचालन प्रक्रियाओं को और मजबूत किया जाएगा।

# वैश्विक तनाव पर केन्द्र भूमिका स्पष्ट करे: सपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इजरायल-ईरान के बीच जारी संघर्ष को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बन रहे युद्ध जैसे हालातों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि मानवता पर संकट की घड़ी में विश्व समुदाय को संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा और युद्ध में आम नागरिकों की जान जाना अत्यंत पीड़ादायक है। अखिलेश यादव ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत शांति स्थापना के लिए क्या कूटनीतिक प्रयास कर रहा है और क्या वह युद्ध को रोकने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि युद्धकालीन स्थितियों में कई तरह की सूचनाएं सामने आती हैं, जिनमें से कुछ अपुष्ट भी हो सकती हैं। ऐसे में केंद्र सरकार का दायित्व है कि वह आधिकारिक स्तर पर तथ्यों की पुष्टि कर पारदर्शिता बनाए रखे, ताकि भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का मानना है कि भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक और प्रभावशाली देश को वैश्विक मंच पर शांति, संवाद और संतुलित कूटनीति का पक्षधर बनकर सामने आना चाहिए।

### बीएलओ पर बढ़ते दबाव को लेकर सरकार पर सपा का हमला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर के बीच लगातार बीएलओ द्वारा आत्महत्या किए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) पर बढ़ते प्रशासनिक दबाव को लेकर राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर अत्यधिक कार्यभार और मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे वे मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पहले फॉर्म-7 के जरिए नाम हटाने और अब फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे माहौल में कई कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान हैं। सपा अध्यक्ष ने फतेहपुर जनपद के बिदकी क्षेत्र के एक शिक्षामित्र बीएलओ द्वारा आत्महत्या की घटना का उल्लेख करते हुए इसे अत्यंत दुखद बताया। उन्होंने कहा कि पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच अवकाश न मिलना और कार्य का दबाव गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सभी बीएलओ से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि कोई भी परिस्थिति जीवन से बड़ी नहीं होती। उन्होंने सरकार से मांग की कि कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव न बनाया जाए।

## शाह टाइम्स का विवरण

फार्म-4 ( नियम आठ देखिए )

1. प्रकाशन स्थान :109-110 प्रताप भवन बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली
2. मुद्रण स्थान :शाह पब्लिकेशन प्रा.लि. सूजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर(उत्तर प्रदेश)
3 प्रकाशन की अवधि व भाषा : दैनिक, हिन्दी
4. मुद्रक का नाम : शाह पब्लिकेशन प्रा.लि.
(क्या भारत का नागरिक है) : हां
(यदि विदेशी है मूल देश) : नहीं
5. सम्पादक का नाम : एस.एन.राना
(क्या भारत का नागरिक है) : हां
(यदि विदेशी है मूल देश) : नहीं
पता:- राना हाउस, मेरठ रोड, सूजडू मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों
1. आसिफ खान, 105 साउथ खालापार मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
2.जावेद अली, मकान नंबर, 900, कुंगर पट्टी सूजडू, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

मैं एस.एन राना एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक-3-3-2026

प्रकाशक के हस्ताक्षर
एस.एन. राना

# राष्ट्रपति ने 'लखपति बिटिया' योजना का किया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली' कार्यक्रम में दिल्ली की महिलाओं और बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने दिल्ली सरकार की महिला सशक्तिकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण पहलों, दिल्ली लखपति बिटिया योजना, होली एवं दिवाली पर नि:शुल्क गैस सिलेंडर योजना और सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड का औपचारिक शुभारंभ किया। साथ ही, लाडली योजना के अंतर्गत 40,642 बालिका लाभार्थियों के खातों में 100 करोड़ रुपये से अधिक राशि भी डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की।



इस अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना,केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित लाभार्थी महिलाएं और बालिकाएं उपस्थित थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि 'मेरी पूंजी, मेरा अधिकार', सहेली स्मार्ट कार्ड और दिल्ली लखपति बिटिया जैसी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये सभी कल्याणकारी योजनाएं दिल्ली की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर समृद्ध दिल्ली के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने भारतीय परंपरा में नारी को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि के रूप में पूजनीय बताते हुए लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर, रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, रानी गाइडिनल्यू और सरोजिनी नायडू जैसी महान महिलाओं के योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं सेना, विज्ञान, खेल, राजनीति, प्रशासन और व्यापार सहित हर क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं, लेकिन इसके साथ ही उन्हें हिंसा, आर्थिक असमानता, सामाजिक उपेक्षा और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है, जिन्हें दूर करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वास्तविक सशक्तिकरण तब संभव है जब महिलाओं को स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता, आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर, समान अधिकार, सुरक्षा और शिक्षा प्राप्त हो। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और मातृत्व संबंधी योजनाओं जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। साथ ही, पंचायती राज संस्थाओं और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाकर वुमेन-लेड डेवलपमेंट की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

# मुख्यमंत्री ने केंद्रीय विद्यालय के स्थायी भवन का किया भूमि पूजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय खजूरी खास के अस्थायी भवन का उद्घाटन किया और इसके स्थायी भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह करावल नगर और पूरे उत्तर-पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने बताया कि इस इलाके में लंबे समय से अच्छी शैक्षणिक सुविधाओं की कमी थी और अब तक यह क्षेत्र मात्र एक केंद्रीय विद्यालय पर निर्भर था। नए केंद्रीय विद्यालय के बनने से बच्चों को बेहतर और आधुनिक शिक्षा मिलेगी। साथ ही, पूरे क्षेत्र में शिक्षा का माहौल भी सुधरेगा और सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय क्षेत्र के विद्यालयों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्रीय विद्यालय के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा उपलब्ध होगी और यह संस्थान आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेगा। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि यह केवल एक विद्यालय का उद्घाटन नहीं, बल्कि उस क्षेत्र के समग्र विकास का नया अध्याय है, जो वर्षों तक बुनियादी शैक्षणिक अवसंरचना की कमी से जूझता रहा। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक शिक्षा का विकास सीमित क्षेत्रों तक ही दिखाई देता था, जबकि उत्तर-पूर्वी दिल्ली के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए 4-5 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता था। इसकी वजह से नए विद्यालयों की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी।कैबिनेट मंत्री और करावल नगर के विधायक कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्रल रेखा गुप्ता के नेतृत्व में करावल नगर में विकास कार्यों का यह अद्भुत और अभूतपूर्व दौर है।

## फैक्टरी कर्मचारी की चाकू गोदकर हत्या

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके में आपसी रंजिश में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की पहचान अंकित (22)के रूप में हुई है। अंकित मूलरूप से इटावा उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह बादली इलाके में बेकरी में नौकरी करता था। परिवार में दो और भाई और माता-पिता राजा बिहारी इलाके में रहते हैं। समयपुर बादली पुलिस को बादल मेट्रो गेट नंबर-एक के पास अंकित का शव पड़ा मिला था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# तरावीह की नमाज में की गई देश में शांति की दुआ

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** रमजान के पवित्र माह में इबादत और आध्यात्मिक अनुशासन की एक अहम कड़ी मानी जाने वाली तरावीह की नमाज में कुरआन शरीफ मुकम्मल होने पर दुआ का आयोजन इस वर्ष भी सदर बाजार स्थित भाईचारा समिति एवं ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के दिल्ली कार्यालय में किया गया। पिछले लगभग 30 वर्षों से लगातार जारी इस परंपरा को इस साल भी पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाया गया।



इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए भाई मेहरबान कुरैशी ने बताया कि इस वर्ष तरावीह में कुरआन सुनाने की जिम्मेदारी हाफिज अरमान और हाफिज हमीद ने निभाई। कारी फरमान की देखरेख में पूरी तरावीह का एहतमाम किया गया। रमजान के दौरान नियमित रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और समुदाय के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही और देश व दुनिया में अमन शांति के लिए दुआ भी की गई। तरावीह मुकम्मल होने के बाद भाई मेहरबान (पूर्व चेयरमैन, एफ.पी. एवं ई.एम.सी., गाजीपुर मंडी, दिल्ली सरकार) तथा ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने हाफिज साहबान को शॉल और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्हें बधाई दी। इस आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी फैसल मेहरबान ने संभाली जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सका। इ

इस मौके पर ऐहसान कुरैशी, अबूजर कुरैशी, हाजी जाने आलम, हाजी शहजादे कुरैशी, अशरफ कुरैशी, मुस्तफा कुरैशी, गुलफाम कुरैशी और सिराज अहमद आदि गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता खजूरी खास में केंद्रीय विद्यालय के स्थायी भवन का भूमि पूजन करते हुए।

## एक नजर

### इस्कॉन मंदिर में मिलेगी ब्रज की पारंपरिक 'ठंडाई'

**नई दिल्ली।** होली के दिन रंग, अबीर-गुलाल और फूलों की होली का जहाँ विशेष महत्व है, वहीं होली की पारंपरिक ठंडी-ठंडी ठंडाई के बिना भी होली का रंग अधूरा- सा लगता है। मीठे- नमकीन पकवानों के साथ ठंडाई का स्वाद उत्सव के रंगों में मौसम की फुहारों तरह बहार का काम करता है। ठंडे मौसम को बिदाई देती फाग की मीठी धूप में ठंडे, मीठे शरबतों में किस्म-किस्म की ठंडाई शीतलता प्रदान करती है। श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश इस्कॉन द्वारका मंदिर में होली उत्सव में 4 मार्च को होली के पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ कई तरह ठंडाई भोग में शामिल रहेंगी। बड़े-बड़े मटकों में पहले ठंडाई का भोग श्रीकृष्ण भगवान को अर्पण किया जाएगा।

### सड़कों पर उतरी जायंट पिचकारी

**नई दिल्ली।** हर दिन सड़कों पर एक विशालकाय पिचकारी देखने को नहीं मिलती। लेकिन इस हफ्ते गुरुग्राम के कुछ हिस्सों में लोगों ने यही नजारा देखाव्रएक ट्रक पर रखी बड़ी सी वॉटर गन, जिसने राहगीरों को चौंका दिया और होली से पहले उत्साह की लहर दौड़ा दी। क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट की यह चलती-फिरती इंस्टॉलेशन होली के मौके पर उसकी खास पहल का हिस्सा है। यह विशाल वॉटर ब्लास्टर, प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वॉटर गन्स की रेंज से प्रेरित था

### जनकपुरी में स्टोर खोला

**नई दिल्ली।** पुरुष परिधान ब्रांड द बेयर हाउस ने जनकपुरी में अपने प्रमुख स्टोर के उद्घाटन के साथ एक साहसिक नया मानदंड स्थापित किया है। राजधानी के विकसित होते फैशन परिदृश्य में द बेयर हाउस अग्रिम पंक्ति में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए दिल्ली के सबसे गतिशील इलाकों में से एक में उन्नत, डिजाइन-प्रधान पुरुष परिधान लेकर आया है। इस अवसर पर सह-संस्थापक हर्ष और तन्वी सोमैया ने कहा, "दिल्ली हमेशा से साहसिक और आत्मविश्वासपूर्ण परिधान शैली को अपनाने वाला शहर रहा है, और जनकपुरी उस भावना को पूरी तरह दर्शाता है। हम इस जीवंत इलाके में द बेयर हाउस का सिग्नेचर अनुभव लेकर आने के लिए बेहद उत्साहित हैं।



### होली मंगल मिलन कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** सर्वोदय कंप्यूटर मैनेजमेंट 100 फुटा रोड पर आदर्श मार्केट एसोसिएशन की ओर से होली मंगल मिलन कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अमित शर्मा पूर्व डिप्टी कमिश्नर एमसीडी एवं वर्तमान में एन एल एफ विजिलेंस अधिकारी और रोहतास नगर विधानसभा से पार्षद शिवानी पांचाल, पार्षद रीना माहेश्व. री, अभिभावक एवं स्थानीय निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित और गणेश वंदना के साथ हुई इसके पश्चात आदर्श मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास भारद्वाज एवं उपाध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत चंदन का तिलक लगाकर पटका पहनकर व फूलों से किया गया, विकास भारद्वाज ने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि आपसी प्रेम भाईचारे और एकता का प्रतीक है।



### केमिकल युक्त रंग सेहत के लिए नुकसानदेह: डॉ. अंकित कालरा

**नई दिल्ली।** होली के केमिकल वाले रंग दिल के मरीजों के लिए बेहद खतरनाक हैं क्योंकि इनमें मौजूद लेड और अन्य रसायन दिल की धड़कन व ब्लड प्रेशर बढ़ा सकते हैं और स्ट्रेस हार्मोन को उत्तेजित कर हार्ट अटैक या गंभीर हृदय संबंधी घटनाओं का खतरा बढ़ा सकते हैं। कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल में हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ अंकित कालरा ने होली के पावन अवसर पर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि रंगों में शीशा पारा और क्रोमियम जैसे भारी धातु होते हैं जो सीधे तौर पर आंतरिक अंगों (जैसे किडनीलीवर) और दिल की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। केमिकल त्वचा के जरिए अवशोषित होकर एलर्जी पैदा कर सकते हैं जिससे तनाव और हृदय की दर बढ़ सकती है। डॉ अंकित ने कहा कि बारीक गुलाल सांस के साथ फेफड़ों में जाकर श्वसन संबंधी समस्याएं और अस्थमा/सीओपीडी बढ़ा सकता है जिसका सीधा असर दिल पर पड़ता है।



### सतयुग बिल लागू करने की बढ़ी मांग

**नई दिल्ली।** देश की अदालतों में करीब 5 करोड़ मामले लंबित हैं। वर्षों से अधिक जजों की नियुक्ति अदालतों के बुनियादी ढांचे का विस्तार और डिजिटलीकरण जैसे कदम उठाए गए हैं, लेकिन कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि केवल इन उपायों से समस्या का पूरा समाधान संभव नहीं है। उनका कहना है कि असली चुनौती व्यवस्था से जुड़ी है जहां झूठी शिकायत गलत हलफनामा,फर्जी सबूत और शपथ लेकर झूठ बोलने पर सख्त और त्वरित कार्रवाई नहीं हो पाती। इसी मुद्दे को लेकर सोमवार को दिल्ली के प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सतयुग बिल की मांग जोर-शोर से उठाई गई। वक्ताओं का कहना था कि जब तक झूठ बोलने और झूठे दस्तावेज पेश करने वालों पर सख्ती नहीं होगी तब तक अदालतों में लंबित मामलों की संख्या कम नहीं होगी। टीम सतयुग के राघव गर्ग ने कहा कि अदालतों में लंबित मामलों और झूठे मुकदमों को कम करने के लिए पांच प्रमुख उपाय सुझाए गए हैं। याचिकाकर्ता और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि लंबित मामलों की सबसे बड़ी वजह यह है कि झूठी शिकायत करने वाले झूठी गवाही देने वाले और फर्जी दस्तावेज बनाने वालों को सजा नहीं मिलती।

### आईआईटी के छात्रों ने तैयार की फॉर्मूला वन रेसिंग कार

**नई दिल्ली।** आईआईटी दिल्ली के छात्रों ने चार सेकेंड में 100 की रफ्तार पकड़ने वाली फॉर्मूला वन रेसिंग कार तैयार की है। इस कार को आईआईटी में आयोजित तकनीक महोत्सव ट्रिस्ट में छात्रों ने प्रदर्शित किया। कार के दीदार के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ी हुई थी। आईआईटी दिल्ली के बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग की तीसरे वर्ष की छात्रा अदिति ने बताया कि अलग-अलग ब्रांच के 35 छात्रों की टीम ने इस फॉर्मूला वन रेसिंग कार को तैयार किया है।

# भाजपा ने आयोजित किया वार्षिक होली मंगल मिलन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा ने वार्षिक होली मंगल मिलन आयोजित किया इस होली मंगल मिलन में दिल्ली के पत्रकार, डिजिटल संवादक इंफलूंसरों और छायाकारों के साथ अनेक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

मीडिया विभाग को सहयोग देते हुए महिला मोर्चा ने सभी आम एवं खास अतिथियों का चंदन लगा कर स्वागत किया।प्रसिद्ध लोक गायक जोनी सूफी के गाये होली के लोक गीतों एवं भजनों पर पत्रकार एवं नेता सब खूब थिरके।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित आज के होली मंगल मिलन में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री महेन्द्र पांडेय, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह एवं रविन्द्र इंद्राज सिंह, पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी, पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक सतीश उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, सांसद निशिकांत दूबे एवं आदि ने मंच से होली की शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर वीरेन्द्र सचदेवा ने सभी दिल्लीवालों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछले एक साल में हमने दिल्ली को बदलते हुए देखा है और आने वाले एक साल में हम देखेंगे कि दिल्ली की तस्वीर और बेहतर नजर आएगी और जब नगर निगम का चुनाव आएगा और हम आपसे वोट मांगेंगे तो आप स्वयं वोट हमारे काम के आधार पर देंगे।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज हमारी सरकार ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण के संकल्प को नई गति और नई शक्ति दी है।

यह केवल योजनाएं नहीं, बल्कि सशक्त नारी, समृद्ध और विकसित दिल्ली का दृढ़ संकल्प है और हमें पूरी उम्मीद है कि इस होली पर आप सभी भाजपा परिवारजनों के सहयोग और समर्पण से यह मिशन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# फैक्टरी में लगी भीषण आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** टिकरी इलाके में स्थित एक प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग लग गई। हादसे में फैक्टरी पूरी तरह से जर्जर हो गई। लाखों का सामान पूरी तरह से जल गया। गनीमत यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस मामला दर्ज करके आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।



जानकारी के मुताबिक सुबह सात बजकर 50 मिनट पर गली नंबर-6,टिकरी नेताजी सुभाष विहार पिलर नंबर 666 के पास फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास से लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर देर शाम आग पर काबू किया। सर्च ऑपरेशन में टनों के हिसाब से जला हुआ सामान निकाला गया। आग से पूरी फैक्टरी जर्जर हालत में हो गई। आग कैसे लगी,किस जगह पर लगी थी। पुलिस अब फैक्टरी कर्मचारी और मालिक से पूछताछ कर रही है। फैक्टरी में आग बुझाने के उपकरण रखे हुए थे या नहीं। इस बारे में जानकारी ली जा रही है।

## श्री हनुमंत सेवा मंडल के होली महोत्सव में सराबोर हुए भक्त

**नई दिल्ली।** मयूर विहार फेज वन के प्रताप नगर में श्री हनुमंत सेवा मंडल ने आठवीं बार होली महोत्सव 'रसिक रसीली' का आयोजन किया जिसके भक्ति की रसधार में सभी सराबोर हो गए। वृंदावन धाम के प्रसिद्ध भजन गायक बाबा श्री चित्र विचित्र महाराज के भजनों से मदमस्त हुए भक्त देर रात तक भक्ति का आनंद लेते रहे। इसके अतिरिक्त दिल्ली के भजन गायक विशाल गोयल और लक्ष्मी जी ने भी अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम में आए भक्तों का मन मोह लिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्वी विभाग के माननीय संघचालक विरेश जी। सम्मानित विशिष्ट अतिथि भाजपा दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, मयूर विहार जिला भाजपा अध्यक्ष विजेंद्र धामा, विधायक एवं पूर्वी जिला विकास समिति के अध्यक्ष रविकांत उज्जैनवाला, विधायक रवि नेगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक एवं हनुमंत सेवा मंडल के अध्यक्ष सुनील गर्ग ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से सेवा मंडल लगातार होली महोत्सव मना रहा है।कार्यक्रम में शामिल आलोक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की घ्यवस्था और सब कुछ सुव्यवस्थित तरीके से कराए जाने के कारण अगल-बगल की गेटेड सोसायटीज के साथ-साथ अपार्टमेंट के लोग, खास तौर पर महिलाएं भी इसमें बड़ी संख्या में शामिल होती है।

# होली मंगल मिलन समारोह आयोजित

**नई दिल्ली।** कैलाश नगर, गांधी नगर स्थित अग्रवाल सभा एवं आरडब्ल्यूए की ओर से आज होली मंगलमिलन समारोह का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला। संगठन के प्रधान अरुण गुप्ता (पप्पू भाई), महामंत्री श्री दिनेश मित्तल, श्री आनंद अग्रवाल एवं श्री नारायण अग्रवाल (घी वाले) सहित अन्य पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों का फूल एवं चंदन से तिलक लगाकर स्वागत किया और सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।




इस अवसर पर प्रधान अरुण गुप्ता (पप्पू भाई) ने बताया कि पिछले कई वर्षों से इस मंगलमिलन समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी वर्षों से इस कार्यक्रम का आनंद लेते आ रहे हैं और हर वर्ष लोगों की सहभागिता और उत्साह और भी बढ़ता जा रहा है। उन्होंने सभी से आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का संदेश भी दिया। समारोह के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभ कामनाएँ दीं और गले मिलकर होली की बधाई दी। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में रंगों का आनंद लिया, वहीं बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# यूजीसी के विरोध में राष्ट्र निर्माण सवर्ण मोर्चा का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** यूजीसी के विरोध में सवर्ण मोर्चा (बदरपुर क्षेत्र) द्वारा जैतपुर गुरुद्वारा से लेकर मीठापुर चौक तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया । जिसमें सवर्ण समाज के लोगों ने पीएम मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ जोर शोर से खूब नारेबाजी की।




धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत बर्खास्त करो, बर्खास्त करो। मोदी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी, नहीं चलेगी । यूजीसी कानून तत्काल वापस लो । प्रदर्शन के दौरान लोगों की नारेबाजी में काफी रोष देखने को मिला ।

लोगों का कहना था कि यूजीसी जैसा काला कानून लाकर सवर्ण समाज को जन्मजात अपराधी बनाने का षड्यंत्र किया जा रहा है । बीजेपी हाईकमान द्वारा इस तरह की कृतघ्नता किए जाने की तनिक भी उम्मीद नहीं थी । जिसे किसी भी सूरत में हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । विरोध - प्रदर्शन का कार्यक्रम पूर्णत: शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ । इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष - डॉ आनंद कुमार, राष्ट्रीय संगठन सचिव - सी पी सिंह, राष्ट्र निर्माण पार्टी, राष्ट्र निर्माण सवर्ण मोर्चा के संयोजक-मनोज सिंह, संरक्षक - लोकनाथ शुक्ला,अखिल भारतीय जनसंघ के नेता- देश कुमार कौशिक, सवर्ण स्वाभिमान संघ के संयोजक अनूप गुरुजी, परशुराम शास्त्री,दानवीर, संदीप चौधरी, यतीश शर्मा, विरेन्द्र सिंह सूर्यवंशी, गौरक्षा के प्रमुख सोनू सिंह, विनय तिवारी, रामजी चतुर्वेदी, ब्रह्मानंद झा,सी के एन सिंह,बीना जोशी, रविंद्र तिवारी, हिमांशी उपाध्याय, विरेन्द्र सिंह, राक.ेश पं.लोकेश शास्त्री, ए पी श्रीवास्तव, सुरेश कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश सिंह, बदरपुर विधानसभा अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह राष्ट्र निर्माण पार्टी आदि उपस्थित रहे। अंत में संगठन सचिव सी पी सिंह सभी का हार्दिक आभार जताया।

## दो नाबालिग समेत तीन पकड़े

**नई दिल्ली।** पहाड़गंज पुलिस की टीम ने नशे की लत को पूरा करने के लिए लोगों से झपटमारी करने वाले दो नाबलिग समेत तीन आरोपितों को पकड़ा है। गिरोह ने हाल ही में युवक से मोबाइल झपटा था और उसे राहगीर को बेच दिया था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सदर बाजार के गौतम उर्फ गोमची के रूप में हुई है। पुलिस झपटे गए मोबाइल को ट्रेस कर बरामद करने में जुटी है। उपायुक्त अनंत मित्तल के मुताबिक, 20 फरवरी को शिकायत कर्ता ने बताया कि जब वह नबी करीम से पैदल घर लौट रहा था, तभी तीन से चार संदिग्ध अचानक उसके पास आए और उसका मोबाइल झपटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए मुखबिरों को तैनात किया।

# होली के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** बुद्धिजीवी विचार मंच- बदरपुर के सौजन्य से होली के उपलक्ष्य में मोलडबंद विस्तार स्थित ब्राइट-वे पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कवि सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ । जिसमें वरिष्ट कवि डम्बर सिंह तनवर, वीर रस के कवि धर्मेश अविचल, कवि गिर्राज शर्मा-गिरीश, कवि श्याम मोहन-आकाश, डॉ अशोक पाल, श्री ओ एन मिश्रा, देव प्रकाश आर्य तथा प्रवीण कुमार ने अपनी कविताओं से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया । वीर रस के कवि धर्मेश अविचल ने अपनी ओजस्वी पंक्तियों में विश्व समुदाय के मौजूदा हालात के मद्देनजर भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित होने पर जोर दिया । गिर्राज शर्मा-गिरीश की श्रृंगार पर आधारित पंक्तियां ष्तुम चांद तो नहीं हो सकती प्रियेष ने खूब तालियां बटोरी ।

इस अवसर पर राज मॉडर्न सी से स्कूल के चेयरमैन व बीजेपी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रविकांत लोहिया, मा. डी पी शर्मा सहित कई समाजस.ेवी भी उपस्थित रहे । विद्यालय के चेयरमैन जी पी शर्मा ने समस्त कवियों व समाजसेवियों का हार्दिक धन्यवाद किया । इसके साथ ही कहा कि देश और समाज को जागरूक और प्रगतिशील बनाए रखने के लिए कवियों की रचनाएं बेहद कारगर होती हैं ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव "संकेत-2026" का आयोजन अत्यंत उत्साह, ऊर्जा एवं प्रतिभा के अद्भुत संगम के साथ सम्पन्न हुआ। रंगारंग प्रस्तुतियों से सजे इस महोत्सव ने पूरे विश्वविद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया।

दो दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, नाटक एवं फैशन के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रमुख प्रतियोगिताओं में Kalakriti, Rap Battle, Sa Re Ga Ma Pa, Nukkad Natak, Battle of Bands, Dance Mania एवं



Fashion Show शामिल रहे। प्रतिभागियों की आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों एवं आकर्षक परिधान संयोजन ने दर्शकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री हर्ष मल्होतत्रा (राज्यमंत्री, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक मंच युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने विद्यार्थियों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। कुलपति प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

इसके उपरांत विजेताओं की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधन की ओर से अखिल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, शैली अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, पीयूष श्रीवास्तव, विमल कुमार शर्मा, अजय कुमार यादव, पी. एस. साहनी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव डॉ. राजीव रतन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। महोत्सव का समापन प्रसिद्ध गायक इन्दीप बक्शी के लाइव कॉन्सर्ट के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

"संकेत-2026" ने एक बार पुनः यह सिद्ध किया कि एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समान महत्व प्रदान करती है।

## रुहेला राजपूत समाज द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** रुहेला राजपूत समाज के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन समाजसेवी कृष्णा रूहेला के आवास, साई संतपुरा, मोदीनगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य बंधुओं, युवाओं एवं वरिष्ठजनों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। होली के पावन अवसर पर रंग, गुलाल, भाईचारे और आपसी प्रेम के वातावरण में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित वक्ताओं ने समाज की एकता, संगठन एवं पारस्परिक सौहार्द को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान आपसी संवाद, परिचर्चा एवं सामाजिक समन्वय की भावना ने सभी के मन को प्रफुल्लित कर दिया। समारोह में सामाजिक समरसता, युवा सहभागिता एवं संगठनात्मक मजबूती पर विशेष चर्चा की गई।

## तनिष्का गैस एजेंसी ने वितरित किए उज्जवला योजना के गैस कनेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** तनिष्का भारत गैस एजेंसी मोदीनगर द्वारा उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत निशुल्क गैस कनेक्शन आज वितरित किए गए। मुकेश गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत पात्र महिलाओं को फ्री गैस कनेक्शन जिसमें एक भरा हुआ सिलेंडर, दो बरनर का एक चूल्हा , एक सुरशा होज (पाइप) व एक रेगुलेटर व कनेक्शन के पूर्ण कागज फ्री वितरित किए गए । सभी महिलाओं को गैस कनेक्शन इस्तेमाल करने की पूर्ण जानक. ारी गैस एजेंसी द्वारा दी गई। जिससे कि चूल्हा इस्तेमाल करते समय कोई दुर्घटना ना हो। 25 पात्र महिलाओं को आज फ्री



कनेक्शन उज्ज्वला योजना के अंतर्गत वितरित किए गए। उज्जवला गैस कनेक्शन मिलने पर महिलाएं काफी खुश दिखाई दी व माननीय मोदी जी की सबने भूरी भूरी प्रशंसा भी की।


इस अवसर पर मोदीनगर विधायिक मंजू शिवाच , भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर पवन सिंघल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुदेश जैन, भाजपा मोदीनगर अध्यक्ष आकाश शर्मा,पूर्व सभासद नवीन जायसवाल आदि गणमान्य व्यक्तियों ने उज्जवला गैस कनेक्शन वितरित किए। माननीय विधायिका जी ने सभी पात्र लोगों को होली की शुभकामनाएं दी।एजेंसी के स्वामी मुकेश गोयल जी ने गैस कनेक्शन लेने हेतु सभी कागजों के बारे में जानकारी दी , पात्र महिलाओं को गैस कनेक्शन लेने के लिए अपने राशन कार्ड व उसमें दर्ज सभी सदस्यों के आधार कार्ड व अपनी बैंक की पासबुक लेकर एजेंसी पर जमा करनी होगी।

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल में संपन्न हुआ सांस्कृतिक उत्सव वैजी टेल्स फ्राम सुपरमार्केट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में शनिवार 28 फरवरी 2026 को हैल्दी प्लनेट (अर्ली इयर) का सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस नाटक को प्री नर्सरी, नर्सरी व के.जी के 303 छात्रों ने उत्साह के साथ प्रस्तुत किया। यह समाराह तीन पारी में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ० सारिका जैन व डॉ० सुभाष जैन रहे।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नाटक की कहानी वैजी टेल्स फ्राम सुपरमार्केटश थी, जो अंग्रेजी में थी। विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हैड सुजैन होम्स ने समस्त अभिभावकों तथा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा, 'ऐसे समारोह सामूहिक प्रयासो को प्रदर्शित



करते है। हमारा विद्यालय बच्चों के विकास के लिए सदा प्रतिबद्ध है और रहेगा।'

इस कार्यक्रम को संभव बनाने में हमारे अध्यापकगण व अभिभावकों ने पूर्ण सहयोग दिया। इसके लिए विशेष रूप से हमारे नन्हे-नन्हे छात्र बधाई के पात्र हैं। कक्षा नवमी के छात्रों ने विद्यालय की शैक्षणिक तथा सहशैक्षणिक उपलब्धि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आरंभ नाटक की श्मेकिंगश को दिखाकर किया गया।

यह नाटक हमारी प्रतिदिन की सब्जियों पर आधारित था। इसके माध्यम से छात्रों ने यह जानकारी देने का प्रयास किया कि जिन सब्जियों को हम अपने भोजन में शमिल करते हैं, वे हमारे स्वास्थ्य के लिए कितने आवश्यक हैं। सब्जियों के गुणों को बताता यह नाटक जानका. रियों का खजाना था।

नन्हे-नन्हे छात्रों ने अपने अभिनय, संवाद और नृत्य के द्वारा आमंत्रित अभिभावकों व अतिथिगणों के मन को मोह लिया। सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनन्द उठाया और उनके अभिनय और नृत्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ० अरुणाभ सिंह ने छात्रों के अभिनय की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दो व उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

समारोह के अंत में अर्ली इयर्स की प्रधानाचार्या पारुल सिंधवानी ने अपने अभिभावकों तथा अध्यापिकाओ के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के विकास में हम सभी का योगदान अतिआवश्यक है।

ये नन्हे नन्हे छात्र हमारे आने वाले समय में अनेक क्षेत्रों के कर्णधार हैं। इन्हें सही मार्गदर्शन देना हमारा परम कर्वय हैं। इस कार्यक्रम को संभव बनाने में हमारे अध्यापकगण व अभिभावकों ने पूर्ण सहयोग दिया, जिसके लिए हम हृदय से धन्यवाद देते हैं।

# लोनी में उमड़ा भाईचारे का जन सैलाब: मनोज धामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लोनी नगर पालि. का क्षेत्र के बेहटा गांव स्थित चंदन वाटिका में पूर्व नगर पालि. का अध्यक्ष मनोज धामा व राष्ट्रीय लोक दल की नगर पालि. का अध्यक्ष रंजीता धामा के द्वारा लोनी में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के नवनिर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्ष तरस पाल मलिक भी कार्यक्रम में पहुंचे प्रथम लोनी आगमन पर पुस्ता रोड पर पर राष्ट्रीय लोक. दल के युवा कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला पहनाते हुए व पुष्प वर्षा करते हुए आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर लोनी नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा व मनोज धामा ने प्रदेश अध्यक्ष तरसपाल मलिक का पटका वह



फूल माला पहनाकर स्वागत किया तथा भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति देकर सम्मान किया। इस अवसर पर खतौली विधायक मदन भैया ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि लोनी की जनता को मैं होली की शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं तथा होली का त्यौहार लोग शांतिपूर्वक ढंग से मनायें तथा आमजन नशे पत्ते से दूरी बनाए रखें ऐसी में आशा करता हूं।

इस अवसर पर अमरजीत सिंह बिड्डी ने भी अपने विचार रखें तथा सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दी तथा सोहार्द पूर्ण होली खेलने के अपील की। कार्यक्रम के समापन पर लोनी नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने दूर दराज से आए अपने सभी शुभचिंतकों को कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पर धन्यवाद दिया तथा शानदार कार्यक्रम के लिए व लोनी की जनता से मिले भरपूर प्यार व अपनेपन को कार्यक्रम की सफलता का आधार बताया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक, जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, खतौली विधायक मदन भैया, बागपत जिला पंचायत अध्यक्ष जय कुमार, अमरजीत सिंह बिड्डी, इंद्रजीत सिंह टीटू, अजय प्रमुख, योगेंद्र मावी, भाजपा नेता अनिल कसाना, महावीर खलीफा, डॉक्टर विनोद बंसल, सभासद नौशाद सैफी, नितेश धामा, अमित तोमर, रूपा चौधरी, पिंटू, मोहन शर्मा, याकीन मलिक, हसमुद्दीन, राहुल अली, जगत चौधरी, गजी सभासद, सभासद लज्जा देवी, सभासद कामू , मार्टिन फैसल, कुलवंत शर्मा, सरताज खान, इंद्रपाल कसाना, शकील मलिक, विपिन अतहर रहमान, सतीश शर्मा, बबलू खलीफा, वाजिद अली, देवेंद्र ढाका, ओमी प्रधान, सेलक प्रधान, डीके गुर्जर, रणवीर सिंह धामा, हरबीर खलीफा, अमरपाल धामा, उदयपाल प्रधान, राजीव शर्मा सत्ते पंडित, प्रगति धामा रितिका धामा, दक्ष धामा, अर्पित धामा, मनीष डागर, सतपाल डागर, रमेश चौधरी, रामबीर चौधरी, सुधीर तोमर, कपिल मलिक, भल्ला गुर्जर, ब्रजपाल मास्टर, आशु मलिक, बबलू शर्मा, मुकेश पाल, पप्पू चौधरी, मूफीद आलम, अजय पंडित, विकास धामा, संसरपाल चौधरी जीसहित हजारों की संख्या मे लोनी की देवतुल्य जनता व राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कौशांबी सेंट्रल पार्क में होली मिलन समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पप्पू चौपाल द्वारा कौशांबी सेंट्रल पार्क में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पप्पू चौपाल के सदस्य राज शर्मा का जन्मदिन मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा सभी लोगों को होली की बधाई दी गई। एक दूसरे को गुलाल लगाकर मिठाइयां बाटकर नाच गाकर इस होली मिलन समारोह को मनाया गया। इस अवसर पर राकेश जाखेटिया, राज शर्मा, मनीष जैन, पवन गुप्ता, गौरव वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार, प्रदीप भटनागर, राकेश स्वामी, जुगल अग्रवाल, रवि पटेल, नरेंद्र सिंह, राधा रमन बंसल, प्रेम गोगिया, नरेंद्र सिंह, रविंद्र नागर, अशोक गर्ग, ब्रिगेडियर दिनेश माहेश्वरी, सरदार जसपाल, अशोक माहेश्वरी, मनीष मनोदिया, मुदित दीक्षित राजेंद्र गोयल नीलांश गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



**गाजियाबाद। इंदिरापुरम विमेंस क्रिकेट लीग जो 1 मार्च से 15 मार्च तक हो रही हैं उसमे सृष्टि सनराइजर्स टीम के कोच ऋषभ राना, टीम कोर्डिनेटर रामा शंकर श्रीवास्तव, ऑरेंगानिसिंग कमिटी की सदस्य अंजू सिन्हा एवं टीम कप्तान अर्चना सजवान और उप कप्तान तनुश्री सक्सेना एवं अन्य टीम सदस्य!!**

## रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष का लोनी आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**राष्ट्रीय लोकदल की भाईचारे वाली आवाज को बुलंद करा कार्यक्रम में सभी लोगों का हार्दिक अभिनंदन कर लोनी की देवतुल्य जनता आभार व्यक्त किया।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक का जिला गाजियाबाद की लोनी विधानसभा क्षेत्र मे प्रथम आगमन पर जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया साथ में अमरजीत सिंह बड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ अजय प्रमुख योगेंद्र पतला उपस्थित रहे।

स्वागत कार्यक्रम के अंतर्गत गढ़ी कटैया में विधानसभा अध्यक्ष इंद्रपाल कसाना नगर अध्यक्ष छोटा अल्वी अभय बालियान व सरताज खान ने धन्नूराम मोड पर, शकील धामा इरशाद रंगरेज लोनी तिराहा होते हुए लोनी बॉर्डर पर विपिन तोमर जिला महासचिव जी ने जिला अध्यक्ष जी का फूलमाला व पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत किया।

स्वागत पश्चात-होली मिलन समारोह चंदन वाटिका निकट मनोज धामा कार्यालय बेहटा हाजीपुर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी अध्यक्ष लोनी नगर पालिका रंजीत धामा व मनोज धामा विधायक खतौली मदन भैया जिला पंचायत अध्यक्ष बागपत जयकिशोर पूर्व लोनी ब्लाक प्रमुख अनिल कसाना पूर्व अध्यक्ष लोनी नगर पालिका डॉ विनोद बंसल प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा बीजेपी योगेंद्र मावी वह नगर पालिका के समस्त सभासदों ने सभी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा रमजान की भी बधाई दी। राष्ट्रीय लोकदल की भाईचारे वाली आवाज को बुलंद करा कार्यक्रम में सभी लोगों का हार्दिक अभिनंदन कर लोनी की देवतुल्य जनता आभार व्यक्त किया।

## समरकूल, थर्मोकूल परिवार ने धूमधाम से मनाई होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समरकूल, थर्मोकूल गोल्डन परिवार के सैकड़ों सदस्यों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंपनी प्रांगण में होली का त्यौहार बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया। चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता और राजीव कुमार गुप्ता के साथ समरकूल, थर्मोकूल के सभी सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले मिलकर एक विशाल परिवार के रूप में होली की शुभकामनायें भेंट की। इस अवसर पर कंपनी की ओर बहतरीन सिंगिंग कलाक. ारों का भी प्रबंध किया गया। जिनके द्वारा प्रस्तुत होली के मधुर गीतों पर कंपनी के युवाओं ने जमकर धमाल मचाया। इस




अवसर पर कंपनी के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, डायरेक्टर अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, तथा रोहित गोयल, नरेश बत्रा, पंकज नोटियाल, अजय माथुर, सचिन जैन, अमित मिश्रा, पंकज ठाकुर, सौरभ सिंह, तरूण कुमार, यश गोयल, अनिल वर्मा, मंजय राय, अशोक शर्मा, शुशील गुप्ता, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

# उप्र. उद्योग व्यापार मंडल ने किया होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मोदीनगर द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन गोविंदपुरी स्थित A X N बैंकेट हाल में किया गया। कार्यक्रम में सांसद राजकुमार सांगवान बतौर मुख्यतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा ने की व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ मंजू शिवाच ( विधायक मोदीनगर) सुदेश शर्मा (पूर्व विधायक), भास्कर वर्मा (एसीपी मोदीनगर) व विनोद वैशाली (चेयरमैन नगरपालिका मोदी नगर) रहे। कार्यक्रम संयुक्त रूप से मोदीनगर के अध्यक्ष अमित गोयल व गो.





विंदपुरी संगठन के अध्यक्ष सतेंद्र गुप्ता के संयोजन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मोदीनगर विधानसभा के अलग-अलग क्षेत्र से व्यापारियों ने शिरकत की फरीदनगर, भोजपुर, निवाड़ी, कादराबाद, सीकरी, सोंदा, गोविंदपुरी व अन्य क्षेत्र के व्यापारियों ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। होली मिलन समारोह में संगठन के पदाधिकारी प्रेम सैनी द्वारा लोकप्रिय गाने गजल व भजन सुनाकर व्यापारियों का उत्साहवर्धन किया गया। वृंदावन से पधारी राधा किशन की झांकी ने सभी गणमान्य लोगों के साथ नृत्य कर कार्यक्रम को भाव भिवोर कर दिया। निर्दोष खटाना, जगदीश मदान, मधुसूदन शर्मा ने सभी व्यापारियों को पटके पहनाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अतिथि के रूप में मशहूर उद्यमी राज डींगरा, संगठन के प्रदेश मंत्री सतीश अग्रवाल, डॉ अनिल गर्ग, डॉ पूनम गर्ग, आयुष त्यागी (हिंदू युवा वाहिनी) डॉ एसखकेख शर्मा, पंकज भारद्वाज, नितिन बंसल, शगुन स्वीट्स, राकेश गोयल, डॉ अरुण त्यागी, सुशील जैन, अजय ग्रोवर ,राजकुमार खुराना, ललित अरोड़ा ,शालिनी नैयर, सोनिका जैन, रुचि अग्रवाल, डॉ बबली गुर्जर, दिनेश सिंघल, हरीश त्यागी, अतुल वर्मा (निवॉक हॉस्पिटल), मूलचंद गर्ग नवीन जायसवाल, मुन्नू अग्रवाल, अनिल गौतम (जिला पंचायत सदस्य), सोनू कुमार (सभासद) प्रवीण गुर्जर (सभासद) मोहित सोनी अरुण वर्मा (सभासद) गुलाब सिंह (सभासद) सभा रणवीर ढैया, योगेश फफराना, सत्येंद्र तोमर, एडवोकेट सचिन दीक्षित, रविकांत ठाकुर जसवीर चौधरी प्रमोद ठाकुर, बिजेंदर गुप्ता, सोनू गुप्ता, स्वयं गुप्ता, एडवोकेट संजीव गुप्ता ,आशीष विश्नोई आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# गुफा मंदिर पर दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

## महिलाओं ने होलिका पूजन कर की बच्चों की दीर्घायु की कामना, भारी भीड़ के बावजूद यातायात रहा सूचारू

### गुफा मंदिर और चकबंदी देवता पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### जाम हुआ हाईवे, लोगों को उठानी पड़ी परेशानी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर के मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई। होली के पावन त्योहार पर महिलाओं ने होलिका का पूजन कर घर-परिवार में सुख-शांति और बच्चों के दीर्घायु होने की होने की कामना की। श्रद्धालुओं ने अपने पितृों पर प्रसाद चढ़ाकर ब्राह्मणों को भोजन कराया। इसके अलावा दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित गुफा बाबा मंदिर, दत्तनगर में चकबंदी देवता पर मेले का आयोजन किया गया। जहां जिले के अलावा दूसरे राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना कर घर-परिवार में सुख-शांति की कामना की। इस दौरान दोनों देव स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रही। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की गई।

होली के त्योहार पर नगर के होलि. का चौक, पक्का घाटा चौक, खामिया शिव मंदिर पर सुबह से ही होलिका पूजन के लिए महिला श्रद्धालु पहुंचनी शुरू हो गई थी। महिलाओं ने होलिका का पूजन और परिक्रमा पर घर-परिवार में सुख-शांति और बच्चों के दीर्घायु होने की कामना दी। इसके बाद लोगों ने अपने देव स्थानों पर देवताओं की पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के बाबा जानकीदास मंदिर, पक्का घाट मंदिर, ठाकुरद्वारा मंदिर, शिव भूमिया मंदिर, मेरठ-बागपत मार्ग स्थित शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरित किया गया।

होली के त्योहार पर गुफा बाबा मंदिर और चकबंदी देवता पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बागपत के अलावा आस-पास के जिले और राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने गुफा बाबा और चकबंदी देवता पर पूजना अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। इस दौरान दोनो स्थानों पर मेला भी लगाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने खूब खरीदारी की। कुछ श्रद्धालुओं ने मंदिर में भंडारा कर प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दोनों स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। इसके अलावा दोनों स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की गई।

गुफा बाबा मंदिर में सोमवार को सुबह से श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। बागपत के अलावा दूर-दराज और अन्य जनपदों से पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण मंदिर में काफी भीड़ रही। पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही मंदिर के बाहर लोगों की कतार लगनी शुरू हो गई थी। भीड़ अधिक होने के कारण हाईवे पर मंदिर के आस-पास जाम की स्थिति बनी रही, जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों और वाहन चाल. कों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हाईवे पर दोनों ओर पुलिस तैनात रही। पुलिस ने वाहनों को निकलवाकर आवागमन कराया।







## होली पर्व पर किया गया होली मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** होली पर्व पर संतों के बाड़ा (सद्गुरु घीसा संत महाराज की गद्दी) में वार्षिक होली मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में बड़ी संख्या में साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक आस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है।

मेले में दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से संत-महात्मा और अनुयायी पहुंचे। इस दौरान विशाल सत्संग, धार्मिक अनुष्ठान और महाराज के ग्रंथ साहब का पाठ किया गया। मेले का मुख्य आकर्षण शोभा यात्र रही, जिसमें संतों के सुसज्जित रथ और सांस्कृतिक झांकियां शामिल थीं। शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और उनका स्वागत किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। मेले और शोभा यात्र के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। संतों के बाड़ा के महंत महेंद्र दास ने बताया कि यह बाड़ा लगभग 200 वर्ष पुराना है। यहीं से सद्गुरु घीसा संत महाराज के घिसा पंथ की शुरुआत हुई थी। यह स्थान घिसा पंथ की मूल गद्दी के रूप में श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है। मंदिर के संत फागुन दास ने जानकारी दी कि होली के अवसर पर हर वर्ष यहां बड़ा आयोजन होता है। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से संत-महात्मा और अनुयायी शामिल होते हैं। इस दौरान सत्संग और भंडारे का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।

## बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है होलिका का पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** होलिका पूजन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली का त्योहार जीवन में नकारात्मकता को जलाकर सकारात्मकता और समृद्धि लाता है। अग्नि पूजन परिवार के स्वास्थ्य, खुशहाली और बुरी नजर से सुरक्षा के लिए की जाती है। मान्यता के अनुसार इसमें नई फसल अर्पित करने से धन-धान्य में बढ़ोत्तरी होती है।

ज्योतिषाचार्य पंडित राज. कुमार शास्त्री ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार होलि. का दहन प्रहलाद की भगवान विष्णु के प्रति निष्ठा और हिरण्यकशिपु की बहन होलिका के अंहकार और अधर्म पर विजय का जश्न मनाने का त्योहार है।

होलिका दहन की पवित्र अग्नि में बुराई, कष्ट और नकारात्मक ऊर्जा को समर्पित किया जाता है। पूजन के दौरान नई फसल की बाली अग्नि में अर्पित करने से घर में अन्न और धन में बढ़ौत्तरी होती है।

होलिका की राख को माथे पर लगाने से जीवन में आ रही शारीरिक परेशानियां दूर होती है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को चंद्र ग्रहण होने से सुबह 6.20 मिनट पर सूतक लग जाएगा।

शाम को 3.20 मिनट पर ग्रहण शुरू होगा और शाम 6. 47 तक चलेगा। रंगों का त्योहार प्रतिप्रदा में मनाने का विधान है।

मंगलवार को शाम 5.07 मिनट पर प्रतिपदा तिथि का प्रवेश होगा। रंगोत्सव का त्योहार बुधवार को मनाया जाएगा।

## आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारी लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं, जिससे जनपद में शांति व्यवस्था बनी रहे।

पुलिस असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रख रही है। संभ्रांत व्यक्तियों से लगातार बातचीत कर त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की अपील की जा रही है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि माहौल खराब करने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के मद्देनजर पुलिस विशेष चेकिंग अभियान चला रही है। पैदल गश्त के साथ-साथ शराब तस्करी रोकने के लिए बॉर्डर चौकियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी नजर रखी जा रही है। बाजारों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। संवेदनशील गांवों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस अधिकारी चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। जनपद में शांति व्यवस्था कायम है और पुलिस ने लोगों से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की है

## एसआईआर नेट में 24 वीं रैंक हासिल कर किया जनपद का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर बडौत की नेहरू रोड़ स्थित शान्तिपुरम कॉलोनी निवासी प्रोफेसर देवेश गुप्ता की छोटी पुत्री सौम्या गर्ग ने सम्पूर्ण भारत में सी. एस.आई.आर. नेट में 24वीं रैंक हासिल कर नगर बडौत ही नहीं अपितु जनपद बागपत का नाम रोशन किया है। भारत में 24वीं रैंक हासिल करने पर उनके परिवार एवं बागपत में खुशी की लहर है और मिठाईयां बांटी जा रही है।

नगर बडौत की नेहरू रोड़ स्थित शान्तिपुरम कॉलोनी निवासी सौम्या ने भारत में सी.एस.आई.आर. नेट में 24वीं रैंक प्राप्त कर बागपत का नाम रोशन किया है। आपको बता दे कि सोम्या के पिता प्रो.देवेश गुप्ता जनता वैदिक कॉलिज, बडौत में डेयरी सांइस एण्ड टैक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष हैं तथा इनकी बड़ी बहन जीएसटी इंस्पैक्टर हैं जो वर्तमान में बैंगलोर में तैनात है। सोम्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता प्रो.देवेश गुप्ता तथा अपनी बड़ी बहन कनिका को दिया है। सोम्या ने एम.एस.सी. जन्तु विज्ञान चौ.चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से पूण है। उक्त परीक्षा को पास कर सौम्या ने असिस्टेंट प्रोफेसर पद की पात्रता भी प्राप्त कर ली है। इस दौरान जनता वैदिक कॉलिज, बडौत की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्रपाल सिंह का कहना था कि सौम्या ने कड़ी मेहनत, अनुशासन से सम्पूर्ण भारत में 24 वीं रैंक प्राप्त की है, उन्होंने कहा हमारी आशीर्वाद है कि सौम्या भविष्य में इसी प्रकार अपने समाज, अपने बडौत बागपत का नाम रोशन करती रहे।

## दो युवकों पर कुछ लोगों ने किया लाठी-डंडों से हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोल्हू पर गन्ना तौलने गए दो युवकों पर गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष ने थाना बडौत में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार गांव शाहपुर वडौली निवासी धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सुबह उनके पुत्र शुभम तोमर और विशांत तोमर ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना लेकर बड़का रोड गांव मेंकोल्हू पर तौल कराने गए थे। आरोप है कि जैसे ही दोनों युवक कोल्हू पर पहुंचे, तभी गांव के ही जयभगवान, जितेंद्र पुत्र वकील, सुधीर ऊं आकाश पुत्र नरेंद्र निवासी मनसूरपुर बडोत कार से वहां पहुंचे और दोनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने दोनों युवकों को बेरहमी से पीटा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े।

परिजनों का कहना है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के पिता धर्मेंद्र कुमार ने थाना बडौत में नामजद तहरीर देकर आरो. पियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## टूरिस्ट बस में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी भीषण आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक टूरिस्ट बस में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। यह घटना बवाली गांव के पास हुई। बस में ड्राइवर सहित कुल छह लोग सवार थे, जो समय रहते सुरक्षित बाहर निकल गए।

ड्राइवर की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया और सभी छह लोगों की जान बच गई। आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे कर यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया। बस चालक सहेंद्र पाल ने बताया कि वह कंपनी के कर्मचारियों को लेने मुजफ्फरनगर गए थे और वहां से बागपत की ओर लौट रहे थे। बवाली गांव के समीप अचानक बस से धुआं निकलने लगा। उन्होंने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और धुआं तेज होते देख सभी यात्रियों को बाहर निकाल दिया। कुछ ही देर में पूरी बस आग का गोला बन गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चालक सहेंद्र पाल की सतर्कता के कारण एक बड़ा हादसा टल गया और छह लोगों की जान बच गई।

## ब्राह्मण समाज के लोगों ने नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित ब्राह्मण समाज के समाजस. ेवी पंडित विजयपाल शर्मा के प्रतिष्ठान पर ब्राह्मण समाज के सम्मानित लोगों ने नवनियुक्त भाजपा के जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा का फूलों की मालाओं से लादकर उनका स्वागत किया।

इस मौके पर ब्राह्मण समाज 84 देश खाप चौधरी पंडित सुभाष शर्मा ने कहा कि भाजपा हाई कमान द्वारा ब्राह्मण समाज के गौरवशाली युवा पीढ़ी के तेज तर्रार भाजपा नेता को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर ब्राह्मण समाज का भाजपा ने एक सम्मान किया है। इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि मैं ब्राह्मण समाज के साथ 24 घंटे कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम करूंगा और पार्टी द्वारा बताए गए निर्देशों का भी पालन करूंगा। पार्टी को आगे बढ़ने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमित भारद्वाज राधेश्याम शर्मा बबली अशोक भारद्वाज विनीत शर्मा महेंद्र दत्त शर्मा कृष्ण दत्त शर्मा प्रधान दिल्ली पुलिस के पूर्व रिटायर उप निरीक्षक राधेश्याम शर्मा ओंकार शर्मा रविंद्र भारद्वाज आचार्य उमेश कौशिक आचार्य प्रवीण पुलस्त्य भाजपा जिला महामंत्री विजेंद्र शर्मा एडवोकेट जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा नीरज वत्स सुनील शर्मा पप्पू शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कृषक कल्याण के विजन को साकार करने की दिशा में जनपद ने बढ़ाया महत्वपूर्ण कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कृषक कल्याण के विजन को साकार करने की दिशा में जनपद बागपत ने एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने आज कंडेरा गांव स्थित एम्ब्रोसिया नेचुरल प्रोडक्ट्स इंडिया लिमिटेड के बागपत टू द वर्ल्ड- कनेक्टिंग इंडियन फॉर्म्स टू इंटरनेशनल मार्केटीं कार्यक्रम में कृषि उत्पादों की पहली निर्यात खेप को औपचारिक रूप से रवाना किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने मटर कोल्ड स्टोरेज का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने भंडारण क्षमता, तापमान नियंत्रण प्रणाली, गुणवत्ता संरक्षण प्रक्रिया तथा साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिला. धिकारी ने कहा कि शासन की स्पष्ट प्राथमिकता किसानों की आय बढ़ाना, कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाना है। बागपत से निर्यात की यह शुरुआत उसी नीति का परिणाम है। बागपत की पहचान एक कृषि प्रधान जिले के रूप में रही है, लेकिन अब यहां के उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि किसानों की मेहनत, आधुनिक तकनीक के उपयोग और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से कृषकों एवं उद्यमियों को मिल रहे सहयोग का परिणाम है। निर्यात की शुरुआत से किसानों की आय में वृद्धि होगी, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और जिले की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं-जैसे कृषि अवसंरचना को मजबूत करने, कोल्ड चेन और प्रसंस्करण इकाइयों के विकास, तथा निर्यात प्रोत्साहन कार्यक्रमों-का लाभ किसानों और उद्यमियों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं और कृषि यंत्रीकरण के माध्यम से किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ी है। इसी के साथ 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' जैसी पहल और निर्यात उन्मुख कृषि नीति ने स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया है। कंपनी प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि एम्ब्रोसिया नेचुरल प्रोडक्ट्स इंडिया लिमिटेड आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों का उपयोग करते हुए अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों का पालन कर रही है। विशेष रूप से आईक्यूएफ (इंडिविजुअल क्विक फ्रीजिंग) तकनीक के माध्यम से फलों और सब्जियों को अत्यंत कम समय में फ्रीज किया जाता है, जिससे उनकी ताजगी, स्वाद, रंग और पोषण तत्व सुरक्षित रहते हैं। यह तकनीक वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।



## एक नजर

### होली मिलन समारोह में उपस्थित हुए क्षेत्र के ग्राम प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** मवीकलां स्थित विनायक कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। खेकड़ा ब्लॉक प्रमुख रश्मि धामा के आहवान पर हुए इस कार्यक्रम की अगुवाई उनके पति परविंदर धामा ने की। इसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने होली को मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने सुरक्षित और सावधानीपूर्वक होली खेलने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे। इनमें डूंडाहेड़ा के लोकेंद्र त्यागी, सुभानपुर के गजेंद्र कुमार और बड़ागांव के दिनेश त्यागी व अन्य गांवों के ग्राम प्रधान मौजूद थे। सुनहेड़ा और बसी सहित अन्य गांवों के प्रधानों ने भी इसमें भाग लिया। इस अवसर पर परविंदर धामा ने सभी ग्राम प्रधानों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। समारोह का समापन आपसी मिलन और शुभकामनाओं के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

### दुबई में शान्ति पूर्ण तनाव के चलते लोग परेशान, रोजमर्रा कार्य के साथ दहशत बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** दस युवक खाड़ी के अलग अलग देशों में काम करते है जिससे इजरायल और ईरान के युद्ध के चलते परिजन तीसरे दिन भी परेशान रहे और मोबाइल फोन पर यूवको से हाल-चाल जानते रहे। रटौल निवासी दानिश पुत्र बाबू दुबई में नौकरी करता है। इसके अलावा सलाउद्दीन पुत्र अहसान व सिजाल पुत्र हिसामुद्दीन भी दुबई में नौकरी करते है। इसके अलावा पांची का एक युवक रिहान कतर में रह कर नौकरी करता है। वही अन्य युवक भी खाड़ी देशों में नौकरी करते है। ईरान द्वारा खाड़ी के कई देशों पर मिसाइल हमले के बाद परिजनों को चिंता सताने लगी थी 3 दिन से परिजन लगातार युवकों से बात कर उनके हाल-चाल जान रहे हैं, दुबई से बात करते हुए हिन्दुस्तान संवाददाता को दानिश नें बताया कि वह अपने ऑफिस में सोमवार को भी काम करता रहा दुबई में कोई डर का माहौल नही है। सभी कार्य रोजमर्रा की तरह किया जा रहे हैं।

### उप्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के होली मिलन समारोह में जमकर उड़ा गुलाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (आईजेयू) मथुरा इकाई द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन स्थानीय होटल में आयोजित किया गया जिसमें जनपद भर से सैकड़ों की संख्या में पत्रकारों ने जमकर रंग संग गुलाल खेलकर भरपूर लुत्फ उठाया। समारोह में मथुरा के दिग्गज वरिष्ठ पत्रकारों की सहभागिता ने पत्रकार एकता का एक नया संदेश देते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की मुख्य अतिथि जिला सूचनाधिकारी प्रशांत सुचारी ने जनपद के पत्रकारों की समस्याओं लेकर शासन प्रशासन तक स्थानीय कार्यालय माध्यम से निराकरण कराने व यथासंभव प्रयास करने की बात कही। समारोह में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज ने पत्रकार एकता पर जोर देते हुए पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ संगठित होकर आवाज बुलंद करने की बात करते हुए प्रेस क्लब के शीघ्र गठन की बात रखी। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार किशन चतुर्वेदी आपसी सामंजस्य साथ पत्रकार की वकालत की बात कही। डॉ विजय विद्यार्थी ने निर्भीक पत्रकारिता की बात करते हुए प्रखर लेखनी पर बल दिया। राजेश मिश्रा ने ऐसे विशुद्ध पत्रकारों के कार्यक्रम पर हर्ष व्यक्त करते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की। अजय शर्मा ने आपसी भाईचारे व पत्रकार एकता की बात कही प्रकाश ठाकुर ने कहा कि किसी भी प्रकार के पत्रकार उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट होकर पुरजोर विरोध की बात कही। अनूप शर्मा ने पत्रकारों से अपने हुनर व लेखन शैली को धारदार करने की बात कही। राकेश शर्मा ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की वहीं उमर कुरैशी ने पत्रकार एकता की बात कही। हेमंत शर्मा ने सहभागिता पर हर्ष जाहिर किया। गिरधारी लाल श्रोतीय ने होली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। मोहनश्याम शर्मा ने उपस्थित पत्रकारों की संख्याबल देखकर हर्ष व्यक्त ने मेरा दिल जीत लिया है। राजकुमार तोमर ने समारोह के सफल आयोजन की बधाई दी। समारोह में सम्मिलित समस्त पत्रकारों ने सफल आयोजन के लिए उ प्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन आईजेयू एवम उनकी टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल संच. ालन वरिष्ठ पत्रकार मधुसूदन शर्मा ने किया। कार्यक्रम में विनीत मिश्र, दीपक बैंकर, सुशील गोस्वामी, रवि यादव, सुमित गोस्वामी, सुभाष सैनी, परवेज अहमद, योगेश भारद्वाज, रमेश चंद, रवि चौधरी, सतीश अंशुमन, लोकेश चौधरी, अमित भार्गव, सुरेश सैनी, मातुल शर्मा, बी एल पांडेय, प्रवेश चतुर्वेदी, बालकृष्ण अग्रवाल, शिवांगी चौधरी, मंत्रवीर चौधरी, सुमित गोस्वामी,अंशुल शर्मा, गौरव शर्मा, रवि बघेल, प्रेम चतुर्वेदी, वीरनारायण शर्मा, विवेक चतुर्वेदी, धनीराम खंडेलवाल, अन्नू पंडित, श्याम मोनू चतुर्वेदी, अभिषेक दत्त चतुर्वेदी, गोपाल चतुर्वेदी, पी के दुबे, आरती शर्मा, रिंकू शर्मा, बॉबी जादौन, भिक्को गौतम, कौशल गौतम, आर के धनगर, जगजीत तिवारी, सैय्यद जाहिद, राजू पंडित,मनोहर पटेल, मोहन मीना, नीरज चतुर्वेद, राजू चौहान, ब्रज कुमार, जितेंद्र भारद्वाज, अजय अग्रवाल, शिवशंकर शर्मा, मीरा शर्मा, अनिल शर्मा, दीपक सारस्वत, नरेन्द्र गौतम, दिनेश भारती, पीयूष यादव, हिमांशु, दीपक खंडेलवाल, राजेश सोलंकी, गोपाल कौशिक, चंद्रमोहन दीक्षित आदि रहे।

**सूचना**

मै अपने पुत्र राहुल सिंह को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद करता हूं।

परवेश कुमार पुत्र सूरज ग्राम पाली-बागपत।

# लावड़ में रास्ते के निर्माण में कम सामग्री लगाने को लेकर ग्रामीणों ने किया हंगामा

## चेयरपर्सन पति ने मौके पर पहुंचकर ठेकेदार को गुणवत्तापूर्वक कार्य करने की दी हिदायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे के वार्ड नंबर 8 में मौहल्लाबाड़ा में नगर पंचायत के ठेकेदार द्वारा गलियों के रास्तों को बनाया जा रहा है। सोमवार को एक गली के रास्ते को बनाने के दौरान स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने ठेकेदार पर आरोप लगाया कि उसने गुणवत्तापूर्वक सामग्री नहीं लगाई है। ग्रामीणों ने बताया कि गली में पहले इंटरलॉकिंग टाईल का रास्ता बना हुआ था जो जगह जगह से टूटा हुआ था। आरोप है कि ठेकेदार ने इंटर लॉकिंग टाइलों को नहीं उखाड़ा और उसी पर केवल एक एक इंच मोटा मसाला डालना शुरू कर दिया। आरोप है कि जब ठेकदार से शिकायत की गई तो उसने कहा कि इस संबंध में नगर पंचायत में जाकर अधिकारी से बात करिए नहीं तो कार्य ऐसे ही कराया जाएगा। जिसके बाद ग्रामीणों ने जमकर हंगामा करते हुए कार्य रुकवा दिया। इस दौरान ठेकेदार से ग्रामीणों को नोंकझोंक भी हुई। सूचना पर चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। इस दौरान ग्रामीणों ने उनसे ठेकेदार की शिकायत की जिस पर चेयरपर्सन पति ने सख्त लहजे में ठेकेदार को हिदायत दी कि यहां गुणवत्तापूर्वक सामग्री लगाई जाए और रास्ते को सही तरह से बनाया जाना चाहिए। तब जाकर निर्माण कार्य शुरू कराया गया।

### इन्होंने कहा....

कस्बे में बन रहे गलियों के रास्तों को लेकर शिकायत मिली थी। मौके पर पहुंचकर ठेकेदार को गुणवत्तापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी कार्य नियम अनुसार कार्य जाएंगे, लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**–हज्जन आफताब**
**चेयरपर्सन नगर पंचायत लावड़**





# अयातुल्ल खामेनेई की हत्या के विरोध में फलावदा में निकाला गया कैंडल मार्च




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** ईरान के शासक अयातुल्ल खामेनेई की हत्या के विरोध में शिया समाज में शोक और रोष का माहौल है। लोग गम का इजहार कर रहे हैं। सोमवार देर शाम सैंकड़ों की संख्या में शिया व सुन्नी दोनों की मुसलमान बड़ी संख्या में इमामबाड़े से खामेनई चित्र वाले पोस्टर लेकर लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। इजरायल और अमेरिका के खिलाफ नारे बाजी की। जिले के अलग–अलग जगह कैंडिंल मार्च के निकल रहे है। रविवार को सर्वोच्च धर्म गुरु के निधन की सूचना मिलते ही लोग काले लिबास में इमामबाड़ा पहुंचे। आसपास काले झंडे लगाए गए। शाम को शिया व सुन्नी दोनों ही समुदाय के सैंकड़ों लोग बड़ी संख्या में जुटे। शाही अब्बास के नेतृत्व में सैंकड़ों लोग हाथों में आयतुल्ल खामनेई के पोस्टर लेकर लोगों ने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारे बाजी की। इस दौरान हाथों में मोमबत्ती लेकर उन्होंने आयतुल्ला अली खामेनेई के चित्र के सामने कैंडल जलाकर मस्जिद परिसर में खिराज ए अकीदत पेश की।

# जनऔषधि केंद्रों पर स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**100 से अधिक महिलाओं ने निःशुल्क शिविर में उठाया लाभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को मेरठ के वैस्टर्न कचहरी रोड एनएएस कॉलेज के पास तथा लालकुर्ती में स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिलाओं के रक्त शर्करा, रक्तचाप और संपूर्ण रक्त गणना की जांच की गई। दोनों जगह कुल 100 लोगों की जांच डॉक्टरों द्वारा की गई। इस दौरान केंद्र के स्वामी औचित्य शर्मा, नवाजिश, लवली रखेजा, परियोजना प्रबंधक गौतम कपूर और डॉ. जमाल सिद्दीकी शिविर में उपस्थित थे। इस स्वास्थ्य शिविर से लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय रहते आवश्यक कदम उठाने में मदद मिली।






# जयगुरुदेव आश्रम में होली सत्संग मेला आज से

**मथुरा।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक ट्रस्ट, मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्श पारम्परिक रूप से आयोजित होने वाला जयगुरुदेव होली सत्संग मेला आज से जयगुरुदेव आश्रम पर आयोजित होने जा रहा है। तीन दिवसीय यह पारम्परिक सत्संग मेला 3 मार्च से 5 मार्च तक चलेगा। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के प्रवक्ता बाबूराम ने बताया कि देश के कोने–कोने से श्रद्धालु भाग लेने के लिये पधार रहे हैं। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी श्रद्धालु भाग लेने पहुंच रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन प्रातःकाल 6.00 बजे तथा सायंकाल 3.30 बजे से राष्ट्रीय उपदेशकों के प्रवचन होंगे। होली के दिन 4 मार्च को प्रातःकाल पूजन एवं संस्था प्रमुख पूज्य पंकज जी महाराज का मुख्य सत्संग एवं नामदान प्रातः 6.00 बजे से होगा।

# परम श्रद्धेय सुधांशु महाराज का किया स्वागत

## विश्व जागृति मिशन मेरठ मण्डल ने विशाल सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव के लिए लिया आशीर्वाद

**प्रधान सहित कई वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के क्रांतिधरा मेरठ के विश्व जागृति मिशन मण्डल के अधिकारियों ने सोमवार को दिल्ली स्थित आनन्दधाम आश्रम में आकर मिशन के परमाध्यक्ष पूज्य आचार्य सुधांशु महाराज से भेंट मुलाकात की। इस अवसर पर पूज्य महाराजश्री ने आए हुए समस्त अधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

आगामी 12 से 15 मार्च को होने वाली विशाल सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव के लिए मेरठ से आए समस्त मण्डल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस महान आयोजन के लिए आमंत्रण देने पहुंचे। निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं मेरठ मण्डल के वरिष्ठ अधिकारी



मनोज शास्त्री ने बताया कि मुख्य यजमान वरुण अग्रवाल (पुत्र अमित अग्रवाल, विधायक), ज्ञानेन्द्र अग्रवाल, प्रधान, मेरठ मण्डल, अश्विनी गुप्ता, प्रयाग दत्त शर्मा, अरुण अग्रवाल (चिल्ड्रन चॉइस), रतन प्रकाश एवं प्रवीण गुप्ता के साथ परम पूज्य महाराजश्री से भेंट हुई।

# 'संस्कृति के रंग, सम्मान के संग' से सराबोर हुआ मोनाड विश्वविद्यालय परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मोनाड विश्वविद्यालय परिसर में 'संस्कृति के रंग, सम्मान के संग' थीम पर आयोजित भव्य होली मिलन समारोह ने सामाजिक समरसता और भाईचारे का सशक्त संदेश दिया। समारोह में हापुड़, पिलखुवा, सिम्भावली एवं आसपास के क्षेत्रों से सौ से अधिक ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधानों एवं विश्वविद्यालय के उच्च अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कुलपति डा. एम. जावेद ने सभी अतिथियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि



आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने विश्वविद्यालय और ग्राम पंचायतों के बीच समन्वय को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक बताया।

समारोह का आयोजन प्रो. योगेश पाल सिंह और डीन एकेडमिक्स डा. ऋचा यादव के निर्देशन में किया गया। मंच संचालन डा. सुशील कुमार ने प्रभावी ढंग से किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में रंग भर दिए। बीएफए की छात्रा रश्मि सैनी ने 'गोकुल की गलियों में धूम मची आज, बोलो कृष्ण मुरारी की जय' गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं छात्रा आरती ने 'होली के दिन दिल खिल जाते हैं' और 'आज न छोड़ेंगे तोहे, खेलेंगे हम होली' गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

सभी प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया। ग्राम कस्तला के प्रधान सुभाष तोमर ने प्रहलाद और होलिका प्रसंग का उल्लेख करते हुए बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। अहमदपुर नया गांव के प्रधान रविंदर ने थीम की सराहना करते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। सिम्भावली से डा. राजेंद्र सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति प्रभु प्रेम के रंग में रंग जाता है, वही सच्चा सौभाग्यशाली होता है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों का स्वागत कुलपति डा. एम. जावेद, प्रो. योगेश पाल सिंह, कुलसचिव कर्नल डी.पी. सिंह, डा. ऋचा यादव, डा. अमित चौधरी, विकास त्यागी, डा. महीप मिश्रा, डा. सुनील कुमार, डा. नेहा शर्मा तथा डा. आर.बी. सिंह ने पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न एवं शॉल भेंट कर किया। समारोह का समापन नेहा चौधरी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम की सफलता में डा. रितु चिक्कारा और डा. मोहित गौतम का विशेष योगदान रहा। अंत में विश्वविद्यालय की ओर से सभी अतिथियों के लिए स्नेह भोज की व्यवस्था की गई।

# घर में घुसकर मारपीट–छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध नियंत्रण और वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने ग्राम अठसैनी में घर में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ करने के मामले में नामजद दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। घटना के बाद से दोनों आरोपित फरार चल रहे थे। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और सघन तलाश अभियान के बाद दोनों को ग्राम अठसैनी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अल्लानूर पुत्र फकीरा निवासी ग्राम अठसैनी तथा मानू उर्फ शान मोहम्मद पुत्र अल्लानूर निवासी ग्राम अठसैनी, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है।



# सीईआईआर की मदद से कमाल, पुलिस ने लौटाए लाखों के फोन



**हापुड़।** होली के पर्व से पहले धौलाना थाना पुलिस ने सराहनीय पहल करते हुए लोगों को खास तोहफा दिया। काफी समय से गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन तलाश कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। करीब ढाई लाख रुपये कीमत के 10 मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। पुलिस महानिरीक्षक, मेरठ रेंज द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत और पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देश पर थाना धौलाना पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से बरामदगी अभियान चलाया। तकनीकी सर्विलांस और सीईआईआर (Central Equipment Identity Register) पोर्टल के माध्यम से गुम हुए मोबाइलों की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें बरामद किया गया। थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर 10 मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 2.50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने सभी मोबाइल संबंधित स्वामियों को आवश्यक सत्यापन के बाद सुपुर्द कर दिए। मोबाइल वापस पाकर लोगों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। कई लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनके गुम हुए फोन वापस मिल सकेंगे, लेकिन पुलिस की तत्परता और तकनीकी दक्षता से यह संभव हो सका। थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि गुम या चोरी हुए मोबाइल की तुरंत ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराने और सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत करने से बरामदगी की संभावना बढ़ जाती है।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल में होली समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में सोमवार को होली के उपलक्ष में होली समारोह का आयोजन किया गया। प्राइमरी विंग के बच्चों ने होलिका दहन नाटक का मंचन किया तथा आने वाली होली पर प्राकृतिक रंगों से होली खेलने का निश्चय किया। स्कूल के चेयरमैन डा. ओमपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं व बुराई पर अच्छाई की जीत से प्रेरित होली के त्योहार से प्रेरणा लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

# फाल्गुन पूर्णिमा पर दिखेगा चंद्रग्रहण, जानिए किन राशियों पर पड़ेगा असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** फाल्गुन पूर्णिमा, 03 मार्च मंगलवार को सिंह राशि और पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में लगने वाला चंद्रग्रहण भारत में दृश्य होगा। ग्रहण के दृश्य होने के कारण इसका सूतक काल भी मान्य रहेगा।

भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पं. के.सी. पाण्डेय 'काशी वाले' ने बताया कि फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 02 मार्च सायं 5:55 बजे से प्रारंभ होकर 03 मार्च को अपराह्न 5:07 बजे तक रहेगी। चंद्रग्रहण 03 मार्च को अपराह्न 3:20 बजे से प्रारंभ होकर सायं 6:47 बजे तक रहेगा। सूतक काल सुबह 6:20 बजे से प्रभावी माना जाएगा। हापुड़ और दिल्ली के आसपास चंद्रोदय सायं 6:19 बजे होगा। इस कारण यह ग्रस्तोदय चंद्रग्रहण रहेगा, जो लगभग 28 मिनट तक विशेष प्रभाव के साथ दृश्य होगा। ज्योतिर्विद के अनुसार सिंह, वृष, कर्क, कन्या और मकर राशि के जातकों पर इस ग्रहण का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। वृश्चिक, धनु और कुंभ राशि वालों के लिए मिश्रित फलदायक रहेगा, जबकि मेष, मिथुन, तुला और मीन राशि के लिए सामान्य शुभ प्रभाव माना गया है। पूर्वाफाल्गुनी, मघा, रोहिणी और ज्येष्ठा नक्षत्र में जन्मे लोगों को विशेष सावधानी बरतते हुए उपाय करने की सलाह दी गई है। ग्रहण काल में गर्भवती महिलाओं को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। इस दौरान काटना, छीलना, सिलाई जैसे कार्य न करें और न ही सोएं। ग्रहण काल में मंत्रजप, हवन और ध्यान करने से कई गुना अधिक पुण्य फल प्राप्त होता है। विशेष रूप से गंगा नदी या किसी पवित्र नदी के तट पर 'सों सोमाय नमः' अथवा 'श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः' मंत्र का जप करना लाभकारी बताया गया है। इसके साथ ही राहु–केतु, अपनी राशि और इष्टदेवता के मंत्रों का जप भी करें। गंगास्नान या समुद्र स्नान की विशेष महिमा है। यदि संभव न हो तो घर पर ही गंगाजल मिलाकर स्नान किया जा सकता है। भगवान विष्णु और भगवान शिव के मंत्रों का जप, महामृत्युंजय मंत्र, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ भी शुभ फलदायक रहेगा। सूतक लगने से पूर्व घर में रखे खाद्य पदार्थों में तुलसी पत्र, कुश, तिल और गंगाजल डाल देने से ग्रहण दोष नहीं लगता। जिनकी राशि या नक्षत्र पर ग्रहण का प्रभाव हो, वे स्वर्ण नाग, चांदी का चंद्रमा, वस्त्र एवं दक्षिणा सहित योग्य ब्राह्मण को दान करें। ज्योतिषाचार्य ने ग्रहण काल में रंग–गुलाल खेलने से बचने की भी सलाह दी है। फाल्गुन पूर्णिमा पर लगने वाला यह चंद्रग्रहण धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है, ऐसे में श्रद्धालुओं को शास्त्र सम्मत नियमों का पालन करते हुए साधना और सतर्कता बरतनी।

# संस्कृति स्कूल अफ्र एजुकेशन की निबंध प्रतियोगिता में प्रिया ने बाजी मारी

**मथुरा।** संस्कृति स्कूल ऑफ एजुकेशन द्वारा इंडियन नॉलेज सिस्टम (आईकेएस)के प्रति जागरूगक करने और इसको बढ़ावा देने को लेकर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में रचनात्मकता और तार्किक लेखन के जरिए भारत की समृद्ध बौद्धिक धरोहर, सांस्कृतिक परंपरा और मूल्य आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करना था। अलग–अलग कोर्स के स्टूडेंट्स ने कॉम्पिटिशन में जोश के साथ हिस्सा लिया और पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक शिक्षा में उनकी उपयोगिता के बारे में अपनी समझ दर्शाते हुए निबंध लिखे। संस्कृति विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित इस निबंध प्रतियोगिता में बीएससी बीएड की छात्रा प्रिया ने प्रथम स्थान, बीएससी बीएड के छात्र अतुल कुमार ने द्वितीय, बीएससी बीएड की छात्रा डाली रावत और वंशिका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित इस निर्णय के आधार पर सभी विजेताओं को प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को संस्कृति स्कूल आफ एजूकेशन के देवांशु सिंह और मिस रिया वर्धन सक्सेना ने कोऑर्डिनेट किया। निबंध प्रतियोगिता संस्कृति स्कूल ऑफ एजुकेशन की डीन डॉ. रैनू गुप्ता के निर्देशन में और कुलपति डॉ. एम. बी. चेट्टी के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। स्कूल ऑफ एजुकेशन सभी विनर्स और पार्टिसिपेंट्स को उनकी भागीदारी के लिए सभी शिक्षकों ने बधाई दी। प्रतियोगिता के माध्यम से पढ़ाई में बेहतरीन होने, सांस्कृतिक जागरूकता और भारत के पारंपरिक ज्ञान व्यवस्था की जहां एक ओर समृद्धि की जानकारी मिली वहीं इसको बढ़ावा भी

# होली पर मासूम से हुआ अमानवीय व्यवहार ,बना चर्चा

## बर्तनों पर गिरे पानी के रंग को बच्चे की शर्ट उतरवाकर कराया साफ

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। होली का पर्व जहां प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश देता है, वहीं इसी पावन दिन के बड़ा बाजार, लाख वालों का घेर के पास एक ऐसी घटना सामने आई जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। जिस दिन बच्चों की शरारतों को मुस्कुराकर माफ कर दिया जाता है, उसी दिन एक मासूम के साथ किया गया अमानवीय व्यवहार पूरे समाज के लिए सवाल खड़ा कर गया है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, होली खेल रहे कुछ बच्चों से अनजाने में दुकान के बाहर पन्नी में रखे एल्यूमिनियम के बर्तनों पर रंग मिला पानी गिर गया। त्योहार के दिन ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं आम बात होती हैं। आमतौर पर बड़े लोग बच्चों को प्यार से समझाकर बात खत्म कर देते हैं। लेकिन यहां दुकान मालिक और उसका बेटा आपा खो बैठे और उन्होंने संवेदनशीलता की सारी सीमाएं पार कर दीं। आरोप है कि दोनों ने एक नाबालिग बच्चे को पकड़ लिया और उसके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। इतना ही नहीं, बच्चे की शर्ट तक उतरवा दी गई और उसी शर्ट से बर्तन साफ करवाए गए। मासूम बच्चा लगातार रोता रहा, माफी मांगता रहा, लेकिन बाप-बेटे का दिल नहीं पसीजा। जब तक सारे बर्तन पूरी तरह सापफ नहीं हुए, तब तक उसे वहां से जाने नहीं दिया गया। यह केवल डांट-फटकार का मामला नहीं था, बल्कि सार्वजनिक रूप से एक बच्चे की गरिमा को ठेस पहुंचाने की घटना थी। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह सब खुले बाजार में हुआ। लोग मौजूद थे, कुछ ने देखा भी, लेकिन बहुत कम लोगों ने हस्तक्षेप किया। क्या हम एक ऐसे समाज की ओर बढ़ रहे हैं जहां एक बच्चे का अपमान भी हमें झकझोर नहीं पाता? क्या कुछ बर्तनों पर पड़े रंग के छींटों की कीमत एक मासूम की इज्जत से ज्यादा हो गई है? होली का त्योहार क्षमा, मेल-मिलाप और पुराने गिले-शिकवे भुलाने का अवसर देता है। लेकिन इस घटना ने यह दिखा दिया कि कुछ लोग त्योहार की भावना को समझने में पूरी तरह असफल हैं। एक तरपफ बच्चे रंगों में खुशियां तलाश रहे थे, दूसरी तरपफ उसी रंग ने एक मासूम की आंखों में आंसू भर दिए। कानूनी दृष्टि से भी यह मामला गंभीर है। किसी नाबालिग के साथ गाली-गलौच करना, सार्वजनिक रूप से अपमानित करना और जबरन काम करवाना स्पष्ट रूप से दंडनीय अपराध की श्रेणी में आ सकता है। यदि पीड़ित पक्ष शिकायत करता है, तो संबंधित धाराओं में कार्रवाई संभव है। प्रशासन को चाहिए कि वह स्वतः संज्ञान लेकर मामले की जांच कराए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति अपनी छोटी सी क्षति के बदले किसी बच्चे की अस्मिता से खिलवाड़ करने की हिम्मत न करे। यह घटना केवल एक परिवार का मामला नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है। यदि आज हम चुप रहे, तो कल किसी और बच्चे के साथ भी ऐसा व्यवहार हो सकता है। बाजार जैसे सार्वजनिक स्थान पर हुई इस घटना ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सामाजिक जिम्मेदारी पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापार केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज का हिस्सा होने की जिम्मेदारी भी है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर रोष देखा जा रहा है। कई लोगों का कहना है कि त्योहार के दिन इस तरह का व्यवहार अस्वीकार्य है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बच्चों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है। उन्हें डर और अपमान का नहीं, बल्कि प्रेम और संरक्षण का वातावरण मिलना चाहिए। होली का असली संदेश यही है कि हम अपने भीतर के अहंकार और क्रोध की होलिका जलाएं। लेकिन बड़ा बाजार की यह घटना बताती है कि कुछ लोगों के भीतर का अहंकार अभी भी जीवित है। एक रोते हुए बच्चे की छवि समाज के लिए आईना है। यह तय हमें करना है कि हम ऐसे व्यवहार को सामान्य मानकर चुप रहें या इसके खिलापफ आवाज उठाएं। अब समय आ गया है कि प्रशासन, समाज और अभिभावक मिलकर यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में किसी भी बच्चे के साथ इस प्रकार का अपमानजनक व्यवहार न हो।

दोषियों पर कड़ी कार्रवाई ही इस बात का संदेश दे सकती है कि कानून और समाज दोनों बच्चों की गरिमा के साथ खड़े हैं। तभी होली सच मायनों में रंगों और खुशियों का त्योहार बन सकेगी।


# जनऔषधि केंद्रों पर स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**मेरठ।** सोमवार को मेरठ के वैस्टर्न कचहरी रोड एनएएस कॉलेज के पास तथा लालकुर्ती में स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिलाओं के रक्त शर्करा, रक्तचाप और संपूर्ण रक्त गणना की जांच की गई। दोनों जगह कुल 100 लोगों की जांच डॉक्टरों द्वारा की गई। इस दौरान केंद्र के स्वामी औचित्य शर्मा, नवाजिश, लवली रखेजा, परियोजना प्रबंधक गौतम कपूर और डॉ. जमाल सिद्दीकी शिविर में उपस्थित थे। इस स्वास्थ्य शिविर से लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय रहते आवश्यक कदम उठाने में मदद मिली।

# आत्मकल्याण का प्रतीक जैन धर्म:प्रतीक सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर की जैन धर्मशाला में आयोजित धार्मिक शिविर के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनि प्रतीक सागर मुनिराज ने जैन धर्म में मंदिर, दर्शन और तीर्थों के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में मंदिर केवल एक भवन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना और आत्मकल्याण का प्रतीक है।



मुनिश्री ने बताया कि मंदिर को समोसरन का प्रतीक माना गया है, जहां तीर्थंकर भगवान सम्यक ज्ञान का उपदेश देते हैं। इसलिए जब भी कोई भक्त मंदिर में प्रवेश करे, उसे यह भाव रखना चाहिए कि वह समोसरन में उपस्थित होकर आत्मकल्याण का अवसर प्राप्त कर रहा है। उन्होंने भगवान के दर्शन की विधि बताते हुए कहा कि दर्शन करते समय पहले बिना पलक झपकाए भगवान के चरण कमल, फिर नाभि कमल, हृदय कमल, मुख कमल और अंत में संपूर्ण दिव्य स्वरूप का अवलोकन करना चाहिए। इसके पश्चात आंखें बंद कर उनके शांत, वीतराग स्वरूप का मनन-चिंतन करना चाहिए। इससे मन एकाग्र होता है और भक्ति गहन बनती है। मुनिश्री ने पंच परमेष्ठी एवं चौबीस तीर्थंकरों के नाम स्मरण को नाम मंगल बताते हुए कहा कि उनका उच्चारण सदैव विनयपूर्वक, हाथ जोड़कर और श्रद्धा भाव से करना चाहिए। द्रव्य मंगल के अंतर्गत उनके शरीर एवं उपयोग की वस्तुओं को अत्यंत पवित्र बताया गया है। उन्होंने कहा कि मुनिराज को अपने पहने हुए वस्त्रों से नहीं पोंछना चाहिए, उनके वस्त्र अलग से धोने चाहिए तथा भगवान की प्रतिमा के अभिषेक के समय पूर्ण पवित्रता और सावधानी रखनी चाहिए। जिस आसन पर गुरु महाराज विराजमान हों, उस पर अन्य किसी को नहीं बैठना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि ऐसे पवित्र स्थलों पर की गई भक्ति और सेवा आत्मा के कल्याण का सशक्त माध्यम बनती है।

## सत्यनारायण में मनाया होली महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** श्रीराम सेवा समिति द्वारा देर रात्रि नगर के रेलवे रोड स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आये कलाकारों द्वारा फूलों की होली खिलाई। समिति के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और उपहार भेट किए।

गत रविवार देर शाम नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर दासी वाला में श्रीराम सेवा समिति द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन से हुआ, जिसके यजमान रामतीर्थ गोयल द्वारा पूजन संपन्न कराया। ऊन से पधारे भजन सम्राट अहम मित्तल ने सुंदर भजन प्रस्तुत किए और श्रद्धालुओं को फूलों की होली खिलाई। होली के भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखाई दिये। संस्था के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और होली पर्व की शुभकामनाऐं दी। अंत में महाआरती की गई, जिसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अमित गोयल, नंदकिशोर, रामकिशोर, सचिन मित्तल, रितेश, रामतीर्थ गोयल, विवेक जैन, रितेश मित्तल, योगेश मित्तल, मोनू संगल, कमलकांत, राघव जैन, पूनम आदि मौजूद रहे।

# जनपद में सुरक्षा के मद्देनजर एसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** होलिका दहन के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक द्वारा रविवार को थाना कोतवाली शामली एवं थाना आदर्शमंडी व कैराना कोतवाली क्षेत्र में पुलिस बल के साथ सघन पैदल मार्च किया गया। मार्च का उद्देश्य जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना तथा होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन कराना रहा।



पुलिस अधीक्षक ने मुख्य बाजारों, संवेदनशील स्थानों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों व गणमान्य लोगों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने सभी से होलिका दहन और होली का पर्व आपसी भाईचारे व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाने की अपील की। साथ ही अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित न करने की चेतावनी भी दी। एसपी ने डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान पूर्ण सतर्कता बरतें, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखें और आमजन से विनम्र व्यवहार बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मार्च के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक सचिन शर्मा, महिला थाना प्रभारी मोनिका चौहान सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति से लोगों में सुरक्षा और विश्वास का माहौल देखने को मिला। कैराना संवाददाता के अनुसार आगामी त्योहारों को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपंन कराने के उद्देश्य से जनपद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ कर दी है। सोमवार को एसपी एनपी सिंह द्वारा थाना कैराना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ सघन पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च का उद्देश्य जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना, आमजन में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करना तथा होलिका दहन एवं होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना रहा। इस दौरान एसपी ने मुख्य बाजारों, संवेदनशील स्थलों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों एवं प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर अपील की कि होलिका दहन एवं होली पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास, आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने लोगों को विशेष रूप से आगाह किया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील भी की गई। एसपी ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान पूर्ण सतर्कता और मुस्तैदी बरती जाए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा आमजन के साथ विनम्र व्यवहार बनाए रखा जाए। इस अवसर पर एएसपी सुमित शुक्ला, सीओ कैराना हेमन्त कुमार, कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री मौजूद रहे।

# संस्कृति के रंग, सम्मान के संग' से सराबोर हुआ मोनाड विश्वविद्यालय परिसर

**हापुड़।** मोनाड विश्वविद्यालय परिसर में 'संस्कृति के रंग, सम्मान के संग' थीम पर आयोजित भव्य होली मिलन समारोह ने सामाजिक समरसता और भाईचारे का सशक्त संदेश दिया। समारोह में हापुड़, पिलखुवा, सिम्भावली एवं आसपास के क्षेत्रों से सौ से अधिक ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधानों एवं विश्वविद्यालय के उच्च अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कुलपति डा. एम. जावेद ने सभी अतिथियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने विश्वविद्यालय और ग्राम पंचायतों के बीच समन्वय को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक बताया। समारोह का आयोजन प्रो. योगेश पाल सिंह और डीन एकेडमिक्स डा. ऋचा यादव के निर्देशन में किया गया। मंच संचालन डा. सुशील कुमार ने प्रभावी ढंग से किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में रंग भर दिए। बीएफए की छात्रा रश्मि सैनी ने 'गोकुल की गलियों में धूम मची आज, बोलो कृष्ण मुरारी की जय' गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं छात्रा आरती ने 'होली के दिन दिल खिल जाते हैं' और 'आज न छोड़ेंगे तोहे, खेलेंगे हम होली' गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। सभी प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया। ग्राम कस्तला के प्रधान सुभाष तोमर ने प्रहलाद और होलिका प्रसंग का उल्लेख करते हुए बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। अहमदपुर नया गांव के प्रधान रविंदर ने थीम की सराहना की।

# ओवरलोड गन्ना ट्रकों से रोज टूट रही हाईटेंशन लाइन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे के बाइपास खेड़की रोड पर बिलाल मस्जिद के सामने ओवरलोड गन्ने से भरे ऊंची हाइट के ट्रक रोजाना हाईटेंशन विद्युत लाइन को तोड़ रहे हैं। शनिवार के बाद रविवार रात फिर तार टूट गए। कई बार पोल भी गिर चुके हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सन्नाटा है। बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है।

चौसाना बाइपास खेड़की रोड पर स्थित बिलाल मस्जिद के सामने से गुजरने वाले गन्ने से लदे ट्रक तय ऊंचाई से कहीं अधिक लोड भरकर निकल रहे हैं। ट्रकों की ऊंचाई इतनी अधिक हो जाती है कि सीधे हाईटेंशन लाइन से टकरा जाती है। शनिवार को भी यहीं तार टूटे थे और रविवार रात फिर वही हाल दोहराया गया। अफजाल, मुबारिक, नौशाद, कवरपाल , संदीप आदि स्थानीय लोगों का कहना है कि आठ-दस बार से अधिक यहां तार टूट चुके हैं। तार टूटते ही इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। चिंगारी और फाल्ट के दौरान आसपास दहशत का माहौल बन जाता है। गनीमत यह रही कि अभी तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। रात के समय लाइनमैनों को बार-बार मौके पर पहुंचकर लाइन दुरुस्त करनी पड़ती है। इससे विभागीय कर्मचारियों की भी जान जोखिम में रहती है। कई बार विद्युत पोल भी इन ट्रकों की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इसके बावजूद ओवरलोड और अधिक ऊंचाई वाले ट्रकों पर न तो परिवहन विभाग की सख्ती दिख रही है और न ही पुलिस की।

## कार्रवाई नहीं तो जिम्मेदारी तय हो

चौसाना। ओवरलोड ट्रकों पर लगाम न लगना प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है। बार-बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होना गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि किसी दिन बड़ा हादसा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? क्या प्रशासन किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है? अब सख्त कार्रवाई और संयुक्त अभियान की जरूरत है, वरना हालात बेकाबू हो सकते हैं।



# फाल्गुन पूर्णिमा पर दिखेगा चंद्रग्रहण, जानिए किन राशियों पर पड़ेगा असर

**हापुड़।** फाल्गुन पूर्णिमा, 03 मार्च मंगलवार को सिंह राशि और पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में लगने वाला चंद्रग्रहण भारत में दृश्य होगा। ग्रहण के दृश्य होने के कारण इसका सूतक काल भी मान्य रहेगा।

भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पं. के.सी. पाण्डेय 'काशी वाले' ने बताया कि फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 02 मार्च सायं 5:55 बजे से प्रारंभ होकर 03 मार्च को अपराह्न 5:07 बजे तक रहेगी। चंद्रग्रहण 03 मार्च को अपराह्न 3:20 बजे से प्रारंभ होकर सायं 6:47 बजे तक रहेगा।

# अस्थाई डिवाइडर हादसों को दे रहा न्यौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के बुढ़ाना रोड स्थित फाटक के निकट सड़क के बीच रखे अस्थायी डिवाइडर हादसों को न्योता दे रहे हैं। सोमवार तड़के एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिसमें करीब 12 लोग सवार थे। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया और सभी को मामूली चोटें आईं।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार पंजाब से बदायूं की ओर जा रही थी। तड़के अंधेरे में सड़क के बीच रखे डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर या चेतावनी संकेत न होने के कारण चालक को डिवाइडर दिखाई नहीं दिया और कार सीधे उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पलटकर सड़क पर उलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस व नगर कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिलाया गया।

चिकित्सकीय जांच के बाद सभी को घर भेज दिया गया। पलटी कार को जेसीबी मशीन की मदद से सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। कार हादसे के कुछ ही देर बाद उसी स्थान से गुजर रहा एक ट्रक भी डिवाइडर से टकरा गया, जिससे उसका टायर फट गया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क के बीच रखे डिवाइडर पर न तो पर्याप्त रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं और न ही चेतावनी बोर्ड। रात के समय डिवाइडर स्पष्ट दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों ने ट्रैफिक पुलिस और संबंधित विभाग से मांग की है कि डिवाइडरों पर शीघ्र रिफ्लेक्टर और संकेतक लगाए जाएं या उन्हें व्यवस्थित रूप से स्थापित किया जाए।

# पांच वर्षीय बालक को आरोपी जुल्फिकार उर्फ जुल्लू सहित तीन ने किया गंभीर, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के मोहल्ला आलकलां मायापुर रोड निवासी पीड़िता रिहाना पनि सुफियान ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गत 19 फरवरी की रात्रि लगभग साढ़े 9 बजे पीड़िता के लडके सुहान एंव पडौसी इरफान के बच्चों में खेलते हुए गली कहासुनी हो गई थी। पीड़िता अपने लड़के को धमकाकर अपने घर पर ले गई। आरोप हैं कि जुलफिक्कार उर्फ जुल्लू पुत्र इकराम व वसीम पुत्र जहूर हसन निवासी मोहल्ला आलकलां मायापुर रोड कैराना एंव तीन अज्ञात व्यक्ति अपने-अपने हाथो में लाठी डण्डे लेकर पीड़िता के घर के अन्दर घुस गए। वहीं गाली गलौच करते हुए कहने लगे कि साली तेरे बच्चे कहा है उन्होंने हमारे मिलने वाले व्यक्ति के बच्चो के साथ गाली गलोच की है इसलिए हम उनको जान से मारेंगे। पीड़िता ने उनको ऐसा करने से मना किया तो वह एकदम आग बबूला हो गये और पीड़िता के पांच वर्षीय पुत्र सुहान को पकडकर लाठी डण्डो से मारने पीटने लगे। पीड़िता हमलावरों से पुत्र को छुडवाने लगी तो फिर पीड़िता के साथ भी गाली गलोच करते हुऐ मारपीट की गई। शोर शराबा सुनकर मौके पर आस पडौस के काफी व्यक्ति एकत्रित हो गए। भीड़ को देख कर हमलावर जाते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता के पुत्र सुहान को लहुलुहान होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर किया। जिसके बाद वह एक पखवाड़े के उपरांत राहत मिलने पर कार्रवाई की गई। पीड़िता का आरोप हैं कि जुल्फिकार उर्फ जुल्लू बदमाश किस्म का व्यक्ति हैं। जिसके खिलाफ पूर्व में कई मुकदमें दर्ज है इसलिए प्रार्थिया ने उससे अपनी व अपने परिवार की जान का खतरा बना हुआ है। वहीं आरोपी जुल्फिकार उर्फ जुल्लू दबंग किस्म के लोग है और बस्ती के कई लोगों के मकानो पूर्व में कब्जा करने का आरोप हैं। पूर्व में आरोपी व उसकी पत्नी के खिलाफ इस मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई हैं। पुलिस आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई में जुटी हैं।



# सपा नेता शेर सिंह राणा ने मनाया होली मिलन समारोह

## केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का त्यौहार है होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** होली के पावन अवसर पर ठाकुर शेर सिंह के फार्म हाउस पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। समारोह की अध्यक्षता बाबा सोकेंद्र ने की, जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी मंगलसेन प्रजापति (मादलपुर) ने बखूबी निभाई।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। पूरे परिसर में रंग, अबीर और गुलाल की खुशबू के साथ उत्सव का माहौल बना रहा। ढोल-नगाड़ों और होली गीतों ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने और आपसी मतभेद भुलाने का पर्व है। इस तरह के आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है और क्षेत्र में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन में अनुशासन और सौहार्द का विशेष ध्यान रखा गया। हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने इस आयोजन को भव्य और सफल बनाया। ठाकुर शेर सिंह के फार्म हाउस पर आयोजित यह होली मिलन समारोह क्षेत्र में लंबे समय तक याद किया जाएगा, जिसने आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का सशक्त संदेश दिया। समारोह में मुख्य रूप से उमेश चौधरी जिला पंचायत सदस्य, विनोद रांझड़, बालेन्द्र चौधरी, देशराज पहलवान, अशोक प्रधान, सच्चू सिंह प्रधान, उग्र सिंह चौहान, बबलू प्रधान, संजय कुमार बीडीसी, राव शकील भैसानी, चौधरी सुरेन्द्र ताना, राधेश्याम सैनी 'दीवान जी', ठाकुर अजब सिंह, लाला ठाकुर (किसान संगठन), लख्मीचंद कश्यप, अजित शर्मा, राजकुमार शर्मा, कृष्णदत्त शर्मा, विवेक गोयल, मनीष तायल, राव सनवर, डॉ. आसिफ, राव वकार, राहुल कश्यप, जगत सिंह, चौनसिंह पुंडीर, सादाराम, अजित बाल्मीकि और मनोज कश्यप सहित हजारों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ऑल्टो कार की दूध से भरे कैंटर में टक्कर से एक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव मोडखुर्द के समीप स्थित दूध से भरे कैंटर की ऑटो कार मैं जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें कार में सवार तीन लोग घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला और इलाज के लिए मवाना सीएससी भर्ती कराया। जिसमें एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए मेरठ रेफर कर दिया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। कैंटर का चालक मौके से फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया कि रविवार की देर रात्रि करीब 12 बजे थाना मवाना नगर के मोहल्ला हीरालाल निवासी प्रवीण पुत्र आदित्य गुप्ता उम्र 27 वर्ष, राजीव पुत्र प्रदीप, अमन पुत्र राजेंद्र अपनी ऑटो में बैठकर मीरपुर की तरफ से मवाना की ओर आ रहे थे जैसे ही डी मोनफोर अकैडमी पहुंचे तो आगे जा रहा दूध के कैंटर से भीषण टक्कर हो गई। जिसमें तीनों लोग दब गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने रहागिरो की मदद से कार से बाहर निकाला और इलाज के लिए मवाना रेफर कर दिया। जिसमें प्रवीण पुत्र आदित्य की हालत गंभीर होने पर मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया। दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है हालांकि चालक मौके से फरार हो गया है। अभी तक कोई तहरीर पीड़ित की ओर से नहीं आई है। तहरीर आते ही कार्रवाई की जाएगी।



# होलिका दहन पर श्रद्धालुओं ने की होलिका पूजा

## सोमवार की रात्रि परंपराओं के साथ किया गया दहन

- महिलाओं और बच्चों ने होलिका की अग्नि में उपलों से बनी माला की अर्पित
- होलिका दहन के बाद राख घर में रखने से वास्तु दोष होते हैं दूर, नकारात्मक ऊर्जा होती है समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर व क्षेत्र में होलि. का दहन के लिए श्रद्धालुओं ने होलि. का दहन के स्थान पर जाकर पूजा अर्चना की और परिवार की लंबी आयु की कामना की। इस पावन अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों ने होलिका की अग्नि में उपलों से बनी माला अर्पित की।

जिसमें से देवी-देवताओं की विशेष कृपा प्राप्त होती है। बताते चले कि सोमवार की देर रात करीब 6 बजें होलिका दहन किया गया। सोमवार की सुबह से ही होलिका दहन वाले स्थान पर महिलाओं एवं बच्चों तथा पुरुषों ने जाकर पूजा-अर्चना की और परिवार की लंबी आयु की कामना की। वहीं गोबर से बनाए गए माला एवं लकड़ियां डाली। उसके बाद देर रात हिंदू परंपराओं के साथ होलिका दहन किया गया। क्षेत्र के गांव सैफपुर फिरोजपुर, मौडखुर्द, मोहम्मदपुर सकिश्त, सदरपुर, मोडकला, बहसूमा, शाहपुर, बटावली, हंसापुर, समसपुर, तजपुरा, महमूदपुर सिखेड़ा, रहमापुर, माखननगर, झुनझुनी, कोहला, भडोरा, करीमपुर, अकबरपुर सादात, अस्सा, तखावली, मीरपुर, रहावती, रामपुर घोरिया मैं परंपराओं के अंतर्गत होलिका पूजा अर्चना के साथ दहन किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह पुलिस फोर्स को साथ लेकर गांव गांव शांतिपूर्ण होली का दहन कराए जाने को लेकर गश्त करती रही। होलिका दहन का त्योहार प्रह्लाद और होलि. का की कथा में वर्णित बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। मान्यता है कि होलिका दहन के बाद प्राप्त राख को घर में सुरक्षित रखने से वास्तु दोष दूर होते हैं और नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। साथ ही इस पावन अवसर पर होलि. का की अग्नि में उपलों से बनी माला अर्पित करने से देवी-देवताओं की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

# चंद्रग्रहण के कारण सोमवार को किया गया होलिका दहन

- मंगलवार को नहीं बुधवार को खेली जाएगी रंगों की होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** फागुन मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले होली के पर्व पर इस बार भद्रा और चंद्र ग्रहण का साया है इसलिए मेरठ में अधिकांश स्थानों पर सोमवार को ही होलिका दहन किया गया इतना ही नहीं ज्योतिषीय गणना के अनुसार आज मंगलवार 3 मार्च को होली नहीं खेली जाएगी होली खेलने के लिए होलिका दहन के बाद एक दिन का इंतजार करने के बाद 4 मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा। इस वर्ष होली के उल्लास पर भद्रा और चंद्र ग्रहण का मिला-जुला साया मंडराते हुए देखा जा रहा है। ज्योतिषीय गणनाओं और पंचांग के फेर के कारण इस वर्ष होलिका दहन और रंगों की होली की तारीखों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही परंतु अधिकांश स्थानों पर 2 मार्च सोमवार को ही होलिका दहन हुआ और 4 मार्च बुधवार को रंगोत्सव मनाना ही शास्त्र सम्मत और शुभ माना जा रहा है। सोमवार को हिंदू धर्म की महिलाओं ने विधि विधान एवं परंपरा के अनुसार होलिका दहन स्थल पर जाकर पूजा अर्चना की। महिलाओं ने होलिका दहन स्थल पर आटे से चौक पूरा बनाकर विधि विधान से पूजा की वहीं रात्रि में पूर्णिमा तिथि आने के बाद भद्रा को बचाते हुए शुभ समय पर होलिका दहन की गई।

# अमेजन. इन का एआई पॉवर्ड होली स्टोर अबलाइव है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन. इन ने अपना डेडिकेटेड होली स्टोर शुरू किया है। आजकल के ग्राहकों के होली मनाने के अंदाज को ध्यान में रखते हुए इस स्टोर में स्किन-फ्रेंडली हर्बल गुलाल, फेस्टिव स्वीट्स, पिचकारी, पार्टी रेडी आउटफिट्स, वॉटरफ्रू मेकअप, पोर्टेबल स्पीकर्स, स्मार्ट डिवाइसेज और अन्य चीजें उपलब्ध कराई गई हैं। अमेजन के एआई-पावर्ड शॉपिंग असिस्टेंट रुफस के साथ, ग्राहक प्रोडक्ट्स खोज सकते हैं। बस पूछें होली की पार्टी के लिए जरूरी चीजें सजेस्ट करें या किड्स के लिए सेफ कलर्स बताओ या होली के लिए आउटफिट आइडिया अंडर 2000 लेन्स ए आई से बस सोशल मीडिया पर या किसी स्टोर में देखी गई किसी चीज की फोटो खींचें और उसे तुरंत अमेजन.इनपर ढूंढें। उदाहरण के लिए,किसी दोस्त की पिचकारी या फेस्टिव कुर्ता पर क्लिक करें और इसे अमेजनपर ढूंढें। एआई रिव्यू हाइलाइट्स हजारों रिव्यू काम की जरूरी चीजों को समझना आसान बनाते हैं, जो सबसे जरूरी है उसके बारे में संक्षेप में बताकर फैसला लेने को आसान बनाते हैं,यह तब के लिए एकदम सही है जब आप खरीदने से पहले जल्दी से जानना चाहते हैं क्या ये रंग त्वचा के लिए सुरक्षित हैं? या सेंसिटिवस्किन के लिए सेफ हैं क्या? द व्यूइन यूअर रूम फीचर से आप देख सकते हैं कि सामान आपके अपने कमरे में कैसा दिखेगा।

# महिलाओं ने किया होलिका पूजन, मांगी मन्नतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** सोमवार को नगर के विभिन्न मोहल्लो में महिलाओं द्वारा होलिका पूजन किया गया।

होली पर्व के मौके पर महिलाओं द्वारा होलिका पूजन विधि विधान से करते हुए पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ कस्बे के गडीना मार्ग पर स्थित चामुंडा महामाई मंदिर के बाहर हो. लिका दहन स्थल पर, दूसरा कार्यक्रम लावड़-सकोती बस स्टैंड पर, तीसरा कार्यक्रम मोहल्ला सैनियान में होलिका दहन स्थल पर, चौथा कार्यक्रम कस्बे के मन्दवाड़ी खतौली मार्ग पर स्थित स्थित होलि. का स्थल पर महिलाओं द्वारा होलि. का माता की पूजा अर्चना की गई।

# कार ने बग्गी में पीछे से मारी जोरदार टक्कर, दो घायल

## गंभीर घायलों को उपचार के लिए मेरठ किया रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मेरठ बिजनौर झुनझुनी मार्ग पर एक वैगनआर कार ने सोमवार की प्रात: अनियंत्रित होकर बग्गी में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें दो किसान फुटबॉल की तरफ चलकर नीचे गिर गये और गंभीर रूप से घायल हो गये।



टक्कर लगने के बाद कार में सवार यात्री मौके से फरार हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को पुलिस की मदद से इलाज के लिए मेरठ भिजवाया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले ली है। परिजनों ने इस मामले में कार चालक अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। बताते चले कि सोमवार की प्रात करीब 6:15 बजे नगर के मोहल्ला जुमेरात निवासी रामोअवतार पुत्र स्वर्गीय बीरसिंह अपने भाई लाला उर्फ शौकेंद्र को अपनी बुग्गी में बैठाकर मेरठ बिजनौर झुनझुनी मार्ग पर अपने खेत पर जा रहा था। जैसे ही वमिका फार्म हाउस के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही वेगनआर कार संख्या डीएल 1आरटीसी 8008 के चालक ने अनियंत्रित होकर पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें रामोअवतार सिंह वे लाला उर्फ शौकेंद्र नीचे गिरकर घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने इलाज के लिए मेरठ रेफर कर दिया। जहां डाक्टरों द्वारा उनका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर परिजनों द्वारा दे दी गई है। कार को कब्जे में ले ली गयी है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अपना दल ( एस ) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने वर्चुअल बैठक में दिए दिशा निर्देश

## 2027 के चुनाव की तैयारी में जुट जाए कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को होली का पर्व होने के कारण अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा वर्चुअल मासिक बैठक आयोजित की। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी के लिए पार्टी कार्यकर्ता कमर कस लें तथा सक्रिय सदस्यता अभियान चलाकर संगठन का विस्तार करें ताकि विधानसभा चुनाव में पार्टी अपना लक्ष्य पूरा कर सके राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव गांव जाकर जनता के बीच में पार्टी की विचारधारा व इतिहास को बताने की जरूरत है। वर्चुअल मासिक बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश, क्षेत्रीय व जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे मेरठ मंडल के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार ने क्षेत्रीय कमेटी घोषित करने की मांग की जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने होली के बाद क्षेत्रीय कमेटी की घोषणा करने के लिए कहा और कहा कि कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाए।



# अधेड़ का शव मिला, शिनाख्त नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के बातनौर मार्ग किनारे सोमवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सीएचसी फलावदा ले गए। वहां डाक्टरों ने शव को देखकर मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों को बुलाकर दिखाया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक के शव का पुलिस ने पंचनामा भरकर मेरठ मेडिकल भेज दिया है। पुलिस को सूचना मिली थी थाना क्षेत्र के बातनोर मार्ग पर भट्टे के पास मुख्य मार्ग किनारे दोपहर करीब 2:30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला है पुलिस ने मृतक के शव की तलाशी ली लेकिन कुछ नहीं मिला उसका दाहिने हाथ देखा तो उस पर रंजन सिंह लिखा हुआ है जिसकी उम्र करीब 60 वर्ष बताई गई है। थाना प्रभारी ब्रह्माकुमार त्रिपाठी का कहना है मृतक के शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# कंकरखेड़ा में बीएसके मॉडल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित बीएसके मॉडल स्कूल में सोमवार को होली का पर्व बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट और बच्चों की खिलखिलाहट से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने होली के गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। हास्य रचनाओं और सामूहिक गायन ने सभी का दिल जीत लिया। एक लघु नाटिका के माध्यम से प्राकृतिक रंगों के प्रयोग और जल संरक्षण का संदेश भी दिया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में होली के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेम, एकता और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने पर्यावरण हितैषी होली खेलने का संदेश भी दिया। नित्य गोस्वामी, पार्थ सिंह, आतिफ, रिजा, बलजोत सिंह, विवान और जसकीरत सिंह सहित अनेक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में नीतू सिंह, रमनप्रीत, श्वेता अरोड़ा व नेहा का विशेष योगदान रहा।


# सीवीपीएस बेबी शो-2026, नन्हें सितारों की चमक से जगमगाया मंच

**मेरठ।** सर्कुलर रोड स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में रविवार को 'सीवीपीएस बेबी शो-2026' का रंगारंग आयोजन हुआ। तीन से छह वर्ष आयु वर्ग के नन्हे बच्चों ने अपनी मासूम अदाओं, आत्मविश्वास और आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभा को मंच देना और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना रहा। विद्यालय परिसर तालियों की गूंज और उत्साह से सराबोर रहा। निर्णायक मंडल में क्रांति कवि सौरभ जैन सुमन, डॉ. चारु गर्ग और श्वेता यादव उपस्थित रहीं। विजेताओं में वान्या बंसल प्रथम, अदिति द्वितीय और मुस्कान तृतीय रहीं, जबकि पार्थ आर्य व बानी ठाकुर को सांत्वना पुरस्कार मिला। विभिन्न विशेष श्रेणियों में भी बच्चों को सम्मानित किया गया। विजेताओं को गिफ्ट व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।




# लोकप्रिय हॉस्पिटल में नि:संतान दंपती के लिए लगाया नि:शुल्क जांच शिविर

**मेरठ।** लोकप्रिय हॉस्पिटल द्वारा नि:संतान दंपतियों के लिए एक नि:शुल्क परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 से अधिक दंपतियों ने परामर्श प्राप्त किया तथा अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार उपचार संबंधी मार्गदर्शन लिया। शिविर के दौरान परामर्श के साथ-साथ आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण भी किया गया। इसके अतिरिक्त अल्ट्रासाउंड, शुक्राणु जांच, लैप्रोस्कोपी, आईयूआई, आईवीएफ, आईसीएसआई, हिस्टेरोस्कोपी, ब्लास्टोसिस्ट कल्चर एवं डोनर सर्विसेज जैसी फर्टिलिटी जांचों पर 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट प्रदान की गई।




# पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किठौर क्षेत्र में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से देर शाम सघन वाहन चें. कंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के चालान किए गए। अभियान का नेतृत्व क्षेत्रधिकारी सीओ प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना और किठौर चौकी इंचार्ज विजय कुमार ने किया। पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहनता से तलाशी ली। चैकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और आवश्यक दस्तावेजों के बिना वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने ऐसे चालकों को सख्त हिदायत भी दी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।



वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश के बाद कारों व अन्य वाहनों की चैकिंग करती पुलिस।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बढ़ती वैश्विक चिंता

पिछले कुछ समय से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह के हालात बने हुए हैं, उसमें ऐसा लगता है कि कई मोर्चों पर प्रतिस्पर्धी देशों के बीच विवादित मुद्दों को सुलझाने के लिए संवाद के बजाय संघर्ष को ही आखिरी हल मान लिया गया है। हैरानी की बात यह है कि युद्ध के खिलाफ शांति का पाठ पढ़ाने वाले कुछ ताकतवर देशों के नेताओं को भी अपने प्रभाव से संघर्ष को टालने के रास्ते तलाश करना प्राथमिक नहीं लगता। इसके उलट वे तनाव को सीधे टकराव में तब्दील करने वाले अभियानों में शामिल होना जरूरी समझते हैं। बीते कुछ महीनों से इजराइल और अमेरिका ने ईरान के खिलाफ जिस तरह का माहौल बनाना शुरू किया था, उससे साफ था कि अगर विवाद के मूल बिंदुओं को केंद्र में रखकर अंतर्राष्ट्रीय मंचों की मध्यस्थता में बिना देरी किए संबंधित पक्षों के बीच वार्ता की गुंजाइश नहीं निकाली गई, तो हालात को संभालना मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति के बीच शनिवार को इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर साझा हमला करके अपनी मंशा साफ कर दी। अपने हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत को इजराइल और अमेरिका भले अपनी कामयाबी मानें, लेकिन इसके बाद अब ताजा सिरे से क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। जवाब के तौर पर ईरान ने भी अमेरिका और इजराइल के कई ठिकानों पर समान तीव्रता वाले हमले किए और कई जगहों पर व्यापक क्षति हुई। सवाल है कि इस युद्ध का उद्देश्य आखिर क्या है? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मकसद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से आगे ईरान की सत्ता में बैठे व्यवस्थाओं को हटाना है। यह समझना मुश्किल है कि अमेरिका एक ओर ईरान को परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिए दबाव बनाता रहा है, तो अब वह अपना उद्देश्य मौजूदा ईरानी सत्ता को खत्म करना बता रहा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए ओमान की मध्यस्थता में शांति वार्ता भी चल रही थी। हालांकि ईरान ने युद्ध से बचने की इच्छा जरूर जताई थी, लेकिन उसने यूरेनियम समृद्ध करने के अधिकार रखने की बात दोहराई। अब इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद यह वार्ता फिलहाल बेमानी हो चुकी है। जिस दौर में विकास के नारे के साथ सभी देश बेहतर भविष्य का सफर तय करना चाहते हैं, उसमें संवाद के रास्ते बंद करके युद्ध का रास्ता अख्तियार करने का नतीजा आखिर क्या निकलेगा? रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध वैश्विक शांति के लिए पहले ही एक जटिल चुनौती है। हाल ही में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भड़की खुली जंग ने भी एक नया मोर्चा खोल दिया। अब इजराइल और अमेरिका के साझा हमले और खासतौर पर खामेनेई की मौत के बाद ईरान की प्रतिक्रिया क्या होगी, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कैसे समीकरण खड़े होंगे और युद्ध कितने बड़े दायरे में फैलेगा, यह प्रश्न वैश्विक चिंता को बढ़ाने वाले हैं।

## भारत सरकार अपना रुख स्पष्ट करे



मानवता पर संकट की घड़ी में विश्व समुदाय को संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए, किसी भी प्रकार की हिंसा और युद्ध में आम नागरिकों की जान जाना अत्यंत पीड़ादायक है, मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत शांति स्थापना के लिए क्या कूटनीतिक प्रयास कर रहा है और क्या वह युद्ध को रोकने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, युद्धकालीन स्थितियों में कई तरह की सूचनाएं सामने आती हैं, जिनमें से कुछ अपुष्ट भी हो सकती हैं, ऐसे में केंद्र सरकार का दायित्व है कि वह आधिकारिक स्तर पर तथ्यों की पुष्टि कर पारदर्शिता बनाए रखे, ताकि भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# काठमांडू बनाम दिल्ली



विनीत नारायण



काठमांडू उस देश की राजधानी है जो आर्थिक प्रगति में भारत से कहीं पीछे है। पर हर मायने में भारत की राजधानी दिल्ली से कहीं आगे है। सारे शहर की सड़कें और फुटपाथ बिल्कुल साफ हैं, जहां हर वक्त सफाईकर्मी मुस्तैदी से डटे रहते हैं। ऐसा लगता है कि मोदी जी का 'स्वच्छ भारत अभियान' भारत के लिए नहीं बल्कि नेपाल के लिए था। क्योंकि भारत की राजधानी दिल्ली में तो जहां निगाह डालिए वहीं कूड़े के अंबार लगे पड़े हैं।

यही हाल काठमांडू शहर के सार्वजनिक शौचालयों का भी है। जो इतने साफ रहते हैं कि आश्चर्य होता है कि मानो किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के शौचालय हों। दूसरी ओर दिल्ली के ज्यादातर सार्वजनिक शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि आसानी से घुसने की हिम्मत नहीं पड़ती। काठमांडू की एक और खघसियत ने पिछले तीन दिनों में मेरा ध्यान आकर्षित किया। वो है यहां की ट्रैफिक व्यवस्था। सभी व्यस्त सड़कों पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मी सतर्क और सक्रिय रह कर ट्रैफिक नियंत्रित करते हैं। इतना ही नहीं यहां के नागरिक भी ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारी से पालन करते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात तो यह थी कि काठमांडू की सड़कों पर गाड़ियों के हॉर्न का कर्कश शोर बिल्कुल भी सुनाई नहीं देता। यहां के ट्रैफिक नियमों के अनुसार आपातकालीन स्थिति को छोड़ कर, सामान्य स्थिति में हॉर्न बजाना वर्जित है और इस नियम को न मानने पर जुर्माना ठोक दिया जाता है। इससे काठमांडू में ध्वनि प्रदूषण की कोई समस्या नहीं है। इसके साथ ही वायु प्रदूषण की तो यहां कोई समस्या ही नहीं है। जहां दिल्ली में ।फ्प की मात्रा 400 तक पहुंच जाती है वहां काठमांडू का ।फ्प नगण्य है। हालांकि इसके कई कारण हैं, एक तो कठमाडू एक घाटी में बसा है और चारों ओर पहाड़ों से घिरा है। दूसरा यहां की आबादी बहुत कम है और कारखघनों की संख्या भी उतनी ज्यादा नहीं। इसलिए वायु प्रदूषण की दिल्ली के साथ तुलना को छोड़ा भी जा सकता है।

परंतु ऐसे कई अन्य कारण भी हैं जो काठमांडू को दिल्ली से बेहतर बनाते हैं। मिसाल के तौर पर यहां कानून व्यवस्था, दिल्ली की तुलना में काफी व्यवस्थित है। यहां के नागरिक बताते हैं कि आधी रात को भी यहां महिलाएं बेझिझक अकेली निकल सकती हैं। किसी भी तरह की छीना-झपटी नहीं होती। न ही महिलाओं के साथ किसी भी तरह की छेड़-छाड़ होती है। काठमांडू और नेपाल में कई विश्व प्रसिद्ध मंदिर भी हैं और पर्यटन की भी अनेकों जगह हैं। यहां जाने पर भी पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के साथ किसी भी तरह का छल-कपट और नाजायज उगाही नहीं की जाती। प्रशासन की तरफ से जो भी कर्मचारी तैनात किए जाते हैं वो पर्यटकों की हर संभव सहायता करते दिखाई देते हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' हो या कोई अन्य अभियान, किसी भी अभियान को प्रचारित करना आसान होता है, जो कि अखबारों और टीवी विज्ञापनों के जरिए किया जा सकता है। पर उस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि देश की जनता ने उसे किस सीमा तक आत्मसात किया। अब मोदी जी के 'स्वच्छ भारत अभियान' को ही ले लीजिए। जितना इस अभियान का शोर मचा और प्रचार हुआ उसका 5 फीसदी भी धरातल पर नहीं उतरा। भारत के किसी भी छोटे बड़े शहर, गांव या कस्बे में चले जाइए तो आपको गंदगी के अंबार पड़े दिखाई देंगे। इसलिए इस अभियान का निकट भविष्य में भी सफल होना संभव नहीं लगता। क्योंकि जमीनी चुनौतियां ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। स्वदेशी अभियान की सफलता भी जन-जागरण, सतत् निगरानी और व्यवहार परिवर्तन पर निर्भर करती है। अगर आम नागरिक इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं तभी यह आंदोलन सफल होगा।

निसंदेह 'स्वच्छ भारत अभियान' मोदी जी की एक प्रशंसनीय पहल थी। पहली बार किसी प्रधान मंत्री ने हमारे चारों ओर दिनों-दिन जमा होते जा रहे कूड़े के ढेरों की बढ़ती समस्या के निस्तारण का एक देश व्यापी अभियान छेड़ा था। उस समय बहुत से नेताओं, फिल्मी सितारों, मशहूर खिलाड़ियों व उद्योगपतियों तक ने हाथ में झाड़ू पकड़ कर फोटो खिंचवा कर इस अभियान का गणेश किया था। पर सोचें आज हम कहां खड़े हैं? शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई सफाई व्यवस्था बनाना अब भी एक बड़ी चुनौती है। कचरा पृथक्करण, पुनः उपयोग और रीसायक्लिंग की जागरूकता में अपेक्षाकृत कमी दिखती है। कुछ जगहों पर शौचालयों के रख-रखाव, जल आपूर्ति और व्यवहार परिवर्तन को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं।

इसलिए अभियान के उद्देश्य और जमीनी सच्चाई में अंतर बना हुआ है और अनेक स्थानों पर पुराने तरीकों का पालन अब भी हो रहा है। दिल्ली हो या देश का कोई अन्य शहर यदि कहीं भी एक औचक निरीक्षण किया जाए तो स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का पता चल जाएगा। यदि इतने बड़े स्तर शुरू किए गए अभियान की सफलता अगर काफी कम पाई जाती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? निसंदेह स्थानीय निकाय जिम्मेदार हैं। किंतु हम सब नागरिक भी कम जिम्मेदार नहीं है। उल्लेखनीय है कि यदि हम नागरिक किसी साफ सुथरे मॉल या अन्य स्थान पर जाते हैं तो सभी नियमों का पालन करते हैं। कचरे को केवल कूड़ेदान में ही डालते हैं। इस तरह हम एक साफ सुथरी जगह को साफ रखने में सहयोग अवश्य देते हैं। लेकिन ऐसा क्या कारण है कि जहां किसी नियम को सख्ती से लागू किया जाता है तो हम पूरा सहयोग देते हैं परंतु जहां कहीं भी किसी नियम को लागू करने में एजेंसियां ढिलाई बरतती हैं या हमारे विवेक पर छोड़ देती हैं तो आम नागरिक भी उसे हल्के में ले लेता है। भाजपा या अन्य दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं, स्थानीय निकायों और हम सब आम नागरिकों को भी भारत को कचरा मुक्त देश बनाने के लिए अब कमर कसनी होगी। क्योंकि ए कार्य केवल नारों और विज्ञापनों से नहीं हो पाएगा।

आश्चर्य की बात तो यह है कि हम सब जानते हैं कि लगातार कचरे के ढेरों का, हमारे परिवेश में चारों तरफ बढ़ते जाना, हमारे व हमारी आनेवाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य के लिए कितना खघ्तरनाक है? फिर भी हम सब निष्क्रिय बैठे हैं। हमें जागना होगा और इस समस्या से निपटने के लिए सक्रिय होना होगा। इसलिए नारे चाहे 'स्वच्छता' के लगें या 'स्वदेशी' के, जनता की भागीदारी के बिना, नारे नारे ही रहेंगे।

यही हाल काठमांडू शहर के सार्वजनिक शौचालयों का भी है। जो इतने साफ रहते हैं कि आश्चर्य होता है कि मानो किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के शौचालय हों। दूसरी ओर दिल्ली के ज्यादातर सार्वजनिक शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि आसानी से घुसने की हिम्मत नहीं पड़ती। काठमांडू की एक और खघसियत ने पिछले तीन दिनों में मेरा ध्यान आकर्षित किया। वो है यहां की ट्रैफिक व्यवस्था। सभी व्यस्त सड़कों पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मी सतर्क और सक्रिय रह कर ट्रैफिक नियंत्रित करते हैं। इतना ही नहीं यहां के नागरिक भी ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारी से पालन करते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात तो यह थी कि काठमांडू की सड़कों पर गाड़ियों के हॉर्न का कर्कश शोर बिल्कुल भी सुनाई नहीं देता। यहां के ट्रैफिक नियमों के अनुसार आपातकालीन स्थिति को छोड़ कर, सामान्य स्थिति में हॉर्न बजाना वर्जित है।

# बालेन शाह को लेकर खौफजदा हैं पुरानी पार्टियां



यशोदा श्रीवास्तव

इस बार के चुनाव में नेपाल को कैसी सरकार नसीब होती है, इसके कयास लगाए जाने लगे है। किसी एक दल की पूर्ण बहुमत की सरकार को लेकर सभी के मन में शंका है। भारत में नेपाल के राजदूत रहे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीप कुमार उपाध्याय का साफ कहना है कि नेपाल के नसीब में किसी एक दल की स्थाई सरकार न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद से यह स्थिति बनी हुई है और यही कारण है कि नेपाल में लोकतंत्र को मजबूती नहीं मिल पा रही है। इस बार भी और शायद आगे कुछ और सालों तक नेपाल में स्थाई सरकार दूर दूर तक नजर नहीं आती।

इस सबके बीच विकट परिस्थितियों में हो रहे इस चुनाव में प्रधानमंत्री पद के तीन बड़े चेहरों पर लोगों की निगाह टिकी हुई है। नंबर एक पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बालेन शाह हैं। दूसरे पर नेपाली कांग्रेस के गगन थापा और तीसरे नंबर पर एमाले के केपी शर्मा ओली हैं। चुनाव आगामी पांच मार्च को है। मतों की गिनती सात मार्च को है। आठ या नौ मार्च तक नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा,बालेन शाह को लेकर पुरानी राजनीतिक दलों की सांसे अटकी हुई है।सवाल उठता है कि यदि किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो किस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और इसमें कौन-कौन दल शामिल हो सकते हैं? यदि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सत्ता में नहीं आ पाती तो उसकी भूमिका क्या होगी?

पिछले चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को पूर्वी नेपाल में 20 सीटें हासिल हुई थी। यह काफी मायने रखता है क्योंकि बेहद कम समय में उदय होने वाली किसी भी पार्टी को मिली यह बड़ी सफलता है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि लामी छाने की कोई राजनीतिक पहचान नहीं थी। वे टीवी जर्नलिस्ट थे और एक न्यूज चौनल पर अपनी खास प्रस्तुति के जरिए नेपाल के युवाओं में खासा लोकप्रिय थे। 2022के चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का गठन किया, चुनाव लड़े और बीस सीटों के साथ नेपाल प्रतिनिधि सभा में धमाके दार इंट्री की। ओली की गठबंधन सरकार में वे उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री बने लेकिन इस पद पर बहुत दिनों तक टिक नहीं सके। उन्हें अमरीकी नागरिकता विवाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पद छोड़ना पड़ा था लेकिन जितने दिन तक वे इस पद पर थे, ब्यूरो क्रेट और राजनीति में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहे। बतौर गृह मंत्री उन्होंने कई बड़े अफसरों और सभी पार्टियों के बड़े बड़े नेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर नेपाल की राजनीति में खलबली मचा दी थी। हालांकि बाद में वे अमरीकी नागरिकता विवाद से मुक्त हो कर फिर प्रतिनिधि सभा में वापस आए लेकिन तब तक वे अन्य राजनीतिक दलों की आंख की किरकिरी बन चुके थे। हां अपनी छोटी सी राजनी. तिक यात्रा में उनकी शिनाख्त एक इमानदार और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वाले नेता की हो चुकी थी। हालांकि धोखाधड़ी के एक मामले में वे स्वंय कानूनी जंग लड़ रहे हैं। जेन जी आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के नेतृत्व में हो रहे इस चुनाव में सुडान गुरूंग के साथ काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह भी रवि लामी छाने के साथ आ गए। सुडान गुरूंग जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में जाने जाते हैं, वहीं बालेन शाह की पहचान एक रैपर और इंजीनियर की है। उन्होंने निर्दल लड़ कर काठमांडू नगर निगम के मेयर पद का चुनाव जीता था। बतौर मेयर उन्होंने अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का मानचित्र लगा कर राष्ट्र वादी नेता की छवि धारण करने की कोशिश की थी। जेन जी आंदोलन के बाद जब अंतरिम सरकार के गठन की नौबत आई तो जेन जी का एक धड़ा बालेन को प्रधानमंत्री बनाने के पक्ष में था जो फलीभूत नहीं हो सका। अब जब बालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में झापा क्षेत्र संख्या पांच से एमाले अध्यक्ष और पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं तो संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उनकी चर्चा लाजिमी है।

नेपाल के इस चुनाव का परिणाम वैश्विक स्तर पर भी खास है। क्योंकि पूर्व की परंपरावादी राजनीतिक दलों की हालत बहुत बेहतर नहीं है। पुरानी पार्टी में एक नेपाली कांग्रेस है जिसके ठीक-ठाक प्रदर्शन की उम्मीद है लेकिन यह पार्टी भी अब नए नेतृत्व के अधीन है। भारी अंतर्विरोध के बीच वरिष्ठ नेता गगन थापा को नया अध्यक्ष चुना गया है। गगन थापा अपनी पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। नेपाली कांग्रेस के भी अकेले दम पर सत्ता में आने की संभावना नहीं है फिर भी इस पार्टी के नए अध्यक्ष के रुख को लेकर चर्चा होती रहती है। हालांकि उन्होंने साफ कहा है कि नेपाल भारत और चीन के मध्य स्थित है इसलिए इसे दोनों देशों से संतुलन बना कर ही आगे बढ़ना होगा। गगन थापा के इस कथन को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सकारात्मक दृष्टि से देखा गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का विराट संगम है होली



रंगों का उल्लास, ढोल की थाप, अबीर-गुलाल की उड़ती धूल और हृदय में उमड़ती अपनत्व की भावना, होली केवल एक उत्सव नहीं, भारतीय संस्कृति की जीवंत आत्मा का उत्स्फुरण है। बुराई पर अच्छाई की विजय, अहंकार पर विनम्रता की जीत और अटूट भक्ति की शक्ति का संदेश देता यह पर्व सामा. जिक समरसता, समानता और बंधुत्व का अद्भुत प्रतीक है। भारतीय उपमहाद्वीप का यह प्रमुख त्योहार मनोरंजन का माध्यम भर नहीं बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का विराट संगम है। प्रेम, क्षमा, एकता, आत्म-शुद्धि, नवीनता और आनंद का संदेश देने वाला यह पर्व मानव जीवन को भीतर से परिष्कृत करने की प्रेरणा देता है।

होली की मूल कथा भक्त प्र]लाद और उसके पिता हिरण्यकश्यप से जुड़ी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हिरण्यकश्यप का अहंकार इतना बढ़ गया था कि वह स्वयं को ईश्वर से भी ऊपर मानने लगा था। उसने अपने राज्य में ईश्वर-भक्ति पर प्रतिबंध लगा दिया किंतु उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। प्रह्लाद की अटूट आस्था से क्रुद्ध होकर हिरण्यकश्यप ने उसे अनेक प्रकार से मृत्यु देने का प्रयास किया। अंततः उसने अपनी बहन होलिका, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था, को आदेश दिया कि वह प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश करे। किंतु ईश्वर की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका अग्नि में भस्म हो गई। यह प्रसंग स्पष्ट करता है कि अहंकार का अंत निश्चित है और सच्ची भक्ति तथा सत्य की सदैव विजय होती है। इसी स्मृति में हो. लिका दहन किया जाता है, जो हमारे भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों (ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध और अहंकार) को जलाने का प्रतीक है। होली केवल प्रह्लाद की कथा तक सीमित नहीं है। यह राधा-कृष्ण के प्रेम और आनंद का भी पर्व है। भगवान कृष्ण की बाल-लीलाओं में होली का विशेष स्थान है। ब्रजभूमि में कृष्ण और राधा के प्रेमपूर्ण रंगोत्सव की परंपरा आज भी जीवंत है। मान्यता है कि गोकुल में पूतना वध के उपरांत हर्षोल्लास में होली खेली गई थी। वृंदावन की गलियों में रास-लीला और रंगों की छटा इस पर्व को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर कर देती है। इसी प्रकार भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद की कथा इस पर्व को धार्मिक गहराई प्रदान करती है। होली का संबंध भगवान शिव से भी जोड़ा जाता है, जिनकी तपस्या और तांडव सृष्टि के संतुलन का संदेश देते हैं। इस प्रकार होली विविध धार्मिक परंपराओं का संगम बनकर भारतीय संस्कृति की बहुरंगी छटा को प्रकट करती है।

आध्यात्मिक दृष्टि से होलिका दहन का महत्व अत्यंत गहन है। 'होलिका' शब्द का एक अर्थ 'भुना हुआ अन्न' भी माना गया है। होलिका दहन के अवसर पर गेहूं और जौ की बालियों को भूनने की परंपरा इसी का प्रतीक है। जैसे भुना हुआ अन्न पुनः अंकुरित नहीं होता, वैसे ही ज्ञान की अग्नि में तपकर किया गया कर्म बंधनरहित हो जाता है। यह कर्मयोग का संदेश है, कर्म करो किंतु फल की आसक्ति छोड़ दो। सामूहिक अग्नि के समक्ष नारियल, गोबर के उपले, कंडे, हरे चने और ऋतु-फल अर्पित करना केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने की भारतीय परंपरा का प्रतीक है। अग्नि को नकारात्मक ऊर्जा के विनाश और सकारात्मक ऊर्जा के संचार का माध्यम माना गया है। होली सामाजिक समानता का भी महान पर्व है। इस दिन जाति, वर्ग, धर्म और आर्थिक भेदभाव की दीवारें ढ़ह जाती हैं। रंगों की एक ही परत सबको एक समान बना देती है। राजा और रंक, अमीर और गरीब, सभी एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हैं। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि मनुष्य होने का अर्थ है विनम्रता और करुणा से परिपूर्ण होना। सत्ता, धन, वैभव और शक्ति का अहंकार अंततः विनाश की ओर ले जाता है। होली हमें यह शिक्षा देती है कि हम अपने भीतर की दंभ-ग्रंथि को त्यागकर सरल और सहृदय बनें। भारतीय साहित्य और लोक परंपरा में भी होली का विशेष स्थान है। संस्कृत और अवधी के महाकवियों ने अपने काव्य में इस उत्सव की छटा का मनोहारी वर्णन किया है। भक्तिकालीन कवि सूरदास ने वसंत और होली पर अनेक पदों की रचना की, जिनमें कृष्ण-राधा के प्रेम और रंगोत्सव की झलक मिलती है। ब्रज में वसंत पंचमी से ही होली की शुरुआत हो जाती है और फाल्गुन पूर्णिमा तक उत्सव का रंग गहराता जाता है। मथुरा और वृंदावन में 14 दिनों तक चलने वाले उत्सव में श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिलता है। बरसाना की लठमार होली, नंदगांव की रंगभरी होली और फाल्गुनी गीत इस पर्व को विशिष्ट पहचान देते हैं। होली का एक गहरा मनोवैज्ञानिक पक्ष भी है। रंग हमारे मनोभावों को प्रभावित करते हैं। लाल ऊर्जा और उत्साह का प्रतीक है, पीला ज्ञान और आशा का, हरा समृद्धि और संतुलन का, नीला व्यापकता और शांति का। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं तो यह केवल बाहरी रंग नहीं बल्कि भावनात्मक आदान-प्रदान का प्रतीक होता है। पुराने गिले-शिकवे भुलाकर नए संबंधों की शुरुआत करना ही सच्ची होली है। यह पर्व हमें भीतर झांकने और आत्ममंथन करने का अवसर देता है कि क्या हमने अपने मन की अशुद्धियों को सचमुच जलाया है? क्या हमने क्षमा और प्रेम को अपनाया है? दीपावली जहां बाहरी स्वच्छता का संदेश देती है, वहीं होली आंतरिक शुद्धि का पर्व है। यह दो ऋतुओं के संधिकाल में आता है, जब प्रकृति स्वयं परिवर्तन के दौर से गुजरती है। पेड़ों पर नई कोपलें

**-अतुल गोयल**

# लारीजानी का अमेरिका के साथ बातचीत से इन्कार

## अमेरिका और इजरायल के बीच पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव बढ़ने के बने आसार

**तेहरान।** ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ किसी भी नई बातचीत से इनकार कर दिया है। इससे ईरान, अमे. रिका और इजरायल के बीच पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव बढ़ने के साथ ही बयानबाजी और बढ़ गई है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव लारीजानी ने 'पर्दे के पीछे गोपनीय बातचीत (बैक चैनल डिप्लोमेसी)' की खबरों को खारिज कर दिया है और अमेरिकी राष्ट्रपति पर आरोप लगाया कि उन्होंने 'भ्रम वाली हरकतें' करके इस इलाके को अस्थिरता में धकेल दिया है।

लारीजानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रम्प ने अपने 'अमेरिका पहले' नारे को 'इजरायल पहले' में बदल दिया है और इजरायल की इच्छाओं के लिए अमेरिकी सैनिकों की कुर्बानी दे दी है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने अपनी भ्रम वाली कल्पनाओं से पश्चिम एशिया को अराजक स्थिति में धकेल दिया है और अब उन्हें और अमेरिकी लोगों के मारे जाने का डर है। लेकिन ईरान अपना अभियान जारी रखेगा। गौरतलब है कि अमेरिका -इजरायल मिसाइल हमले में ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने खाड़ी में अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाकर जवाबी हमले किए। इसमें बहरीन में लोगों के मारे जाने और इराक और कुवैत में और बमबारी होने की खबरें हैं। अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने 1000 से ज्यादा ईरानी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें भूमिगत मिसाइल ठिकाने भी शामिल हैं और कई ईरानी नौसैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है। ट्रम्प ने ईरान सुरक्षा बलों को हथियार डालने या 'मौत' का सामना करने की चेतावनी दी और संकेत दिया कि अमेरिकी सैन्य अभियान लगभग चार हफ्ते तक चल सकता है। तस्नीम न्यूज एजेंसी ने सोमवार को बताया कि ईरान सुरक्षा बलों ने देश के पश्चिम में एक इजराइली हर्मीस ड्रोन को मार गिराया है। लोरेस्तान प्रांत के प्रशासनिक केन्द्र खोरमाबाद शहर के पास भी एक इजराइली ड्रोन को मार गिराया गया है। इजरायली सेना ने कहा है कि ईरान ने इजरायल की ओर और मिसाइलें दागीं लेकिन उसकी वायु सुरक्षा प्रणाली ने उन्हें हवा में ही रोक कर नष्ट कर दिया।



■ ट्रम्प ने अपनी भ्रम वाली कल्पनाओं से पश्चिम एशिया को अराजक स्थिति में धकेल दिया है: लारीजानी

### ट्रम्प ने अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की खाई कसम, संघर्ष तेज

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ईरान पर सैन्य हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक वाशिंगटन के सभी लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते। उन्होंने तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की कसम खाई। ट्रम्प की ये टिप्पणी ईरान द्वारा संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी देशों, जहां अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं, को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले करने के बाद शत्रुता में तीव्र वृद्धि के बीच आई है। ईरानी कार्रवाई को अमेरिका और इजरायल द्वारा पहले किए गए संयुक्त हमलों का प्रतिशोध बताया गया है। अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने इजरायल के साथ मिलकर किए गए एक बड़े समन्वित हमले के बाद पिछले 24 घंटों में ईरान के अंदर 1000 से अधिक ठिकानों पर हमले किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और लगभग 40 वरिष्ठ राजनीतिक और सैन्य अधिकारी मारे गए, जिससे ईरान के नेतृत्व ढांचे को निर्णायक झटका लगा है। इस स्थिति ने व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका बढ़ा दी है, जिसके चलते खाड़ी देशों ने अपनी सेनाओं को हाई अलर्ट पर रखा है।

# जंग के बीच ट्रम्प ब्रिटेन से नाराज

■ ईरान पर हमले के लिए जल्दी ब्रिटिश मिलिट्री बेस चाहते थे, पीएम स्टार्मर ने 48 घंटे बाद परमिशन दी ईरान ने मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल- अमेरिका और ईरान जंग का आज तीसरा दिन है। युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पुराने सहयोगी ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। दरअसल ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने अमेरिका को हिंद महासागर में मौजूद अंपना मिलिट्री बेस डिएगो गार्सिया देने में काफी देर लगाई है। अमेरिका जंग के पहले दिन ही इस बेस से ईरान पर हमला करना चाहता था, लेकिन ब्रिटेन ने 48 घंटे बाद इसकी इजाजत दी और कहा कि अमेरिका को यहां से सिर्फ ईरान के मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाने की परमिशन होगी। इसे लेकर ट्रम्प ने कहा है कि वे ब्रिटिश पीएम से बेहद निराश है। ईरान ने सोमवार को मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया है। कुवैत में अमेरिका के कई फाइटर जेट क्रैश हो गए है। जेट हवा में गोल-गोल घूमने के थोड़ी देर बाद जमीन से टकरा गए। हालांकि, इसमें किसी मौत की नहीं हुई है। दूसरी ओर ईरान के टॉप नेशनल सिक्योरिटी अधिकारी अली लारीजानी ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान उन खबरों के जवाब में आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका से फिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश की है।

# अमेरिका-इजरायल हमले में ईरान में अब तक 550 लोगों की मौत

■ फ्रांस और ब्रिटेन ने ईरान के हमले के शिकार बने खाड़ी देशों की मदद का ऐलान किया

**तेहरान।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले तीसरे दिन भी जारी रहे और ईरान ने प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करते हुए खाड़ी के कई देशों को निशाना बनाया। इन हमलों में ईरान में बीते दो दिनों में 555 लोगों की मौत हो गई है और देश के 131 नगरों को इन हमलों में खासा नुकसान पहुंचा है। युद्ध क्षेत्रों में मानवीय सहायता पहुंचाने वाली संस्था रेड क्रिसेंट ने यह जानकारी दी है। इस बीच फ्रांस और ब्रिटेन ने ईरान के हमले के शिकार बने खाड़ी देशों की मदद का ऐलान किया है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरट ने कहा है उनका देश खाड़ी के देशों की सुरक्षा करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि फ्रांस, ईरान के खिलाफ जार्डन की मदद करेगा। उनके सहयोगी देशों बहरीन, कुवैत, ओमान,कतर, इराक को इस जंग में घसीटा गया है। हम उनकी सुरक्षा के लिए तैयार हैं। इस बीच बहरीन पर हुए ईरानी हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटेन के विदेश मंत्री कूपर ने कहा कि साइप्रस के ब्रिटिश सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में ब्रिटेन को अपनी जिम्मेदारी का अहसास है और यह खाडी में हमारे सहयोगियों की रक्षा से संबंधित है। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हम क्षेत्र में अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएंगे, जिसमें आवश्यक और आनुपातिक रक्षात्मक कार्रवाई सक्षम करना शामिल हो सकता है, ताकि ईरान की मिसाइल और ड्रोन दागने की क्षमता को उनके स्रोत पर नष्ट किया जा सके। बयान में कहा गया कि इस मुद्दे पर तीनों देश अमेरिका और क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि ब्रिटेन ने अमेरिकी अनुरोध स्वीकार करते हुए अपने ठिकानों के उपयोग की अनुमति 'विशिष्ट और सीमित रक्षात्मक उद्देश्य' के लिए दी है। स्टारमर ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में हमारे साझेदारों ने हमसे उनकी रक्षा के लिए और अधिक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। समन्वित रक्षात्मक अभियानों के तहत ब्रिटेन के जेट विमान पहले से ही हवा में हैं और उन्होंने ईरानी हमलों को सफलतापूर्वक रोका है। उन्होंने कहा कि खतरे को रोकने का एकमात्र तरीका मिसाइलों को उनके स्रोत पर नष्ट करना है, चाहे वे भंडारण डिपो में हों या लॉन्चर पर। उन्होंने स्पष्ट किया कि ब्रिटेन ईरान पर प्रारंभिक हमलों में शामिल नहीं था।

# इजरायली हमले से लेबनान में 31 की मौत

■ इन इलाकों में हिजबुल्लाह का प्रभाव है

**बेरूत।** लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों और दक्षिणी लेबनान में सोमवार को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और 149 अन्य घायल हुए।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। इजरायल ने ये हमले तब किए जब हिजबुल्ला ने ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के मारे जाने के प्रतिशोध में इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन दागे। टाइम्स ऑफ इजरायल ने इजरायली सेना के हवाले से कहा कि उसने बेरूत के दहिएह इलाके और दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के 'शीर्ष कमांडरों' को निशाना बनाते हुए 'सटीक हमले' किए। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी एनएनए ने देश के विभिन्न हिस्सों में हवाई हमलों की पुष्टि की, जिनमें बेरूत के दक्षिणी उपनगर भी शामिल हैं। इन इलाकों में हिजबुल्लाह का प्रभाव है। दूसरी ओर, इजरायल के सेना प्रमुंख इयाल जमीर ने कहा कि सेना ने हिजबुल्ला के खलिफ़ हमले शुरू किए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यह अभियान 'कई दिनों' तक चलेगा क्योंकि देश की उत्तरी सीमा पर लड़ाई तेजी से बढ़ रही है।

इजरायली सेना ने एक बयान में दक्षिण और पूर्वी लेबनान के लगभग 50 कस्बों और गांवों के निवासियों को तत्काल घर खाली करने की चेतावनी भी जारी की। सेना की प्रवक्ता एला वावेया ने कहा कि लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए गांवों से कम से कम एक हजार मीटर दूर खुले क्षेत्रों में जाना चाहिए। इससे पूर्व, हिजबुल्ला ने इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली और कहा कि यह कार्रवाई ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या और लेबनान पर 'बार-बार इजरायली हमलों' के जवाब में की गई है। हिज्बुल्ला ने यह भी कहा कि उसने लेबनान की रक्षा में ए हमले किए हैं। इस बीच, लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ़ सलाम ने रॉकेट हमलों को 'गैर-जिम्मेदाराना' बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई लेबनान की सुरक्षा को खतरे में डालती है और इजरायल को हमले जारी रखने का बहाना देती है। सलाम ने हिजबुल्ला का नाम लिए बिना दोषियों को रोकने और लेबनानी जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प जाहिर किया।

## खामेनेई की मौत के बाद कराची में विरोध प्रदर्शन में 23 लोग मरे, कई घायल

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त मिसाइल हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में हुए प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और अनेक घायल हो गए। रिपोर्टों के अनुसार, कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़पों में 10 लोगों की मौत हुई, जबकि गिलगित-बाल्टिस्तान के स्कर्दू में 11 लोगों की जान गई। राजधानी इस्लामाबाद में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमले में खामेनेई की हत्या की पुष्टि के बाद विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। विभिन्न संगठनों ने इन विरोध प्रदर्शनों का आह्वान किया था। कराची में प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर 'अमेरिका मुर्दाबाद' और 'इजरायल मुर्दाबाद' के नारे लगाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए गोलीबारी की और आंसू गैस के गोले छोड़े।

## ईरान-अमेरिका तनाव की कहानी, सात दशक पुरानी

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की शनिवार तड़के मौत के साथ दोनों देशों के बीच का दशकों पुराना तनाव अपने चरम पहुंच गया है। खामेनेई के गुरु अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में 1979 में हुई इस्लामी क्रांति के बाद से ही अमेरिका ईरान का सबसे बड़ा विरोधी बना हुआ है।




## अब तक किसी परमाणु रिएक्टर पर हमला नहीं

■ अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा:लेकिन रेडियोधर्मिता रिसाव का खतरा बरकरार

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि अब तक ईरान के किसी भी परमाणु ठिकाने पर हमला नहीं हुआ है, लेकिन 'रेडियोधर्मिता रिसाव' की संभावना को टाला नहीं जा सकता। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने ईरान और पश्चिम एशिया में जारी सैन्य हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और परमाणु प्रतिष्ठानों पर किसी भी तरह के सशस्त्र हमले से बचने की अपील की है। ग्रोसी ने कहा कि आईएईए स्थिति की निगरानी जारी रखेगा और यदि परमाणु सुरक्षा में कोई उल्लंघन होता है तो सदस्य देशों को तत्काल तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

## साइप्रस में ब्रिटिश एयरबेस पर ड्रोन हमला

**निकोसिया।** साइप्रस के दक्षिणी तट पर अक्रोटिरी में ब्रिटिश एयरबेस पर सोमवार सुबह एक ड्रोन ने हमला किया। बेस अधिकारियों और साइप्रस सरकार ने यह जानकारी दी है। बेस के अधिकारियों ने बताया कि एक 'छोटे ड्रोन' ने विमान क्षेत्र पर हमला किया।







# नूर खान बेस पर अफगान का हमला, मारे गए 35 पाक सैनिक

■ अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चार दिनों से दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने हैं। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया, अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए हैं।

इस कार्रवाई से दोनों पड़ोसी देशों के बीच हालात और ज्यादा बिगड़ गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में अफगान रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हमले रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर हुए। इसके अलावा बलूचिस्तान के क्वेटा में 12वीं डिवीजन के मुख्यालय और खैबर पख्तूनख्वा की मोहमंद एजेंसी में ख्वाजाई कैंप पर भी बमबारी की गई। तालिबान का दावा है कि उन्होंने पाकिस्तान के कई अन्य जरूरी सैन्य कमांड सेंटरों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह ऑपरेशन पाकिस्तानी सेना की हालिया घुसपैठ का बदला है। पाकिस्तान ने पिछले दिनों काबुल और बगराम एयरबेस पर हमले किए थे। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने फिर से अफगान हवाई सीमा का उल्लंघन किया या कोई आक्रामक हरकत की, तो उसे और भी कड़ा और निर्णायक जवाब मिलेगा। यह तनाव तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ खुली जंग का एलान कर दिया। पाकिस्तान ने शुक्रवार को काबुल और कंधार में एयरस्ट्राइक की थीं। इसके कुछ घंटों बाद ही अफगान सेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। रावलपिंडी का नूर खान एयरबेस पाकिस्तान की वायुसेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।
















## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से रोकना आवश्यक: शहबाज

इस्लामाबाद। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव को और बढ़ने से रोकना आवश्यक है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि आज मैंने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की, जो इजरायल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद की शत्रुता के कारण तनावपूर्ण हो गई है और पूरे क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा को खतरे में डाल रही है। मैंने ओमान द्वारा पिछले कुछ वर्षों में संवाद को बढ़ावा देने एवं तनाव को कम करने में किए गए ईमानदार प्रयासों की सराहना की है।

